26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 15 अक्टूबर, 2026
अंक- 352 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में भारी बारिश

ओलावृष्टि और 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की चेतावनी

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने आज पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कुछ इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसके साथ ही ओलावृष्टि, बिजली गिरने और 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है। विभाग ने दक्षिण भारत में पूर्वोत्तर मानसून की बारिश शुरू होने के आसार भी जताये है।

आईएमडी ने आज सुबह जारी ताजा बुलेटिन में 15 अक्टूबर को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में व्यापक बारिश का अनुमान जताया है। 16 अक्टूबर से उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश की गतिविधि कमजोर होने के आसार है। आज पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली के कुछ हिस्सों में बिजली कड़कने के साथ आंधी-तूफान आने और 40-50 किमी प्रति घंटे (जो 60 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है) की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान सहित इस पूरे क्षेत्र के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि का भी अनुमान है।

अंकिता भंडारी मर्डर केस- माता-पिता का दिल्ली में धरना

तड़के 4 बजे हिरासत में लिया

2 घंटे बाद छोड़ा, दुष्यंत गौतम को राज्यपाल बनाने का विरोध

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर यहां इंडिया गेट पर धरने पर बैठे उनके माता-पिता को पुलिस ने आज तड़के चार बजे हिरासत में ले लिया, हालांकि बाद में उन्हें छोड़ दिया। उनके साथ धरने पर बैठे कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं को भी पुलिस ने हिरासत में लिया था लेकिन उन्हें भी बाद में छोड़ दिया गया। अंकिता के माता-पिता बुधवार को उत्तराखंड के अपने गांव से दिल्ली आए थे और बेटी को न्याय दिलाने की मांग करते हुए इंडिया गेट पर धरने पर बैठ गए। वे अपनी बेटी की हत्या के लिए जिम्मेदार माने जा रहे 'वीआईपी' को राज्यपाल बनाये जाने के विरोध में धरने पर बैठे। देर रात कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य उनसे मिलने धरना स्थल पर पहुंचे थे। पुलिस ने आज सुबह करीब चार बजे अंकिता के माता-पिता और कुछ अन्य कांग्रेस नेताओं को हिरासत में ले लिया। बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अंकिता भंडारी के माता-पिता को यहां इंडिया गेट से हिरासत में लिये जाने की आलोचना करते हुए उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है। श्री खरगे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुबह चार बजे पुलिस भेजकर अंकिता के माता-पिता को गिरफ्तार करवा दिया। 'वीआईपी' दुष्यंत गौतम को बचाने के लिए प्रधानमंत्री ने हद पार कर दी है। न्याय की गुहार लगा रहे अंकिता के माता-पिता को हिरासत में लिया जा रहा है, जबकि भाजपा के 'वीआईपी' को राज्यपाल बनाया जा रहा है।



हम माफी मांगते हैं...

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की ओर से घोषित 10 अक्टूबर के प्रदर्शन को रोकने के लिए लगाई गई पाबंदियों पर दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी है। सर्वोच्च अदालत में दायर अवमानना मामले में अपना पक्ष रखते हुए दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार ने उच्चतम न्यायालय से बिना शर्त माफी मांगी। हालांकि, उन्होंने पुलिस की ओर से उठाए गए कदमों को जरूरी बताया। उन्होंने कहा, समय रहते उचित और कानूनसम्मत कदम उठाकर कानून-व्यवस्था बिगड़ने की बड़ी स्थिति को टाल दिया गया। उन्होंने कहा कि खुफिया सूचनाओं और जमीनी स्थिति के आकलन के आधार पर 10 अक्टूबर को एहतियाती कदम उठाए गए थे। अनुराग कुमार ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है, इसलिए उठाए गए कदमों और किए गए उपायों को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

पाकिस्तान में विद्यालय की छत गिरने से 20 की मौत

पेशावर (एजेंसी/चिंगारी)। पाकिस्तान के पेशावर शहर में आज एक निजी विद्यालय की छत ढह जाने से कम से कम 20 बच्चों और एक महिला शिक्षिका की मौत हो गई और करीब 40 लोगों के घायल होने की सूचना है। पाकिस्तान की सरकारी आपातकालीन सेवा रेस्क्यू 1122 के अनुसार, यह हादसा दीर कॉलोनी के कॉलेज रोड स्थित एक निजी स्कूल में हुआ, जिसके तुरंत बाद व्यापक राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया।

हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाने पर नहीं मिलेगा पिछड़े वर्ग का लाभ- सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने आज आरक्षण को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि हिंदू धर्म से इस्लाम में धर्मांतरण करने वाला व्यक्ति केवल धर्मांतरण के आधार पर पिछड़ा वर्ग श्रेणी के तहत आरक्षण का दावा नहीं कर सकता। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। इससे पहले हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के इससे जुड़े एक आदेश को रद्द कर दिया था।

मिठास रिश्तों की, स्वाद परम्परा का...



समस्त जनपदवासियों को नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं



स्वाद जो दिल जीत ले!



शुद्धता का वादा

गुरुजी स्वीट्स

नवरात्रे स्पेशल : पंजीरी व अन्य आइटम

प्रोप. : आशीष अग्रवाल, नि. नगराध्यक्ष भाजपा, बिजनौर
नामित सभासद नगर पालिका परिषद, बिजनौर मो. 9837415311
ललित सैनी पूर्व नगर मंत्री भाजपा, बिजनौर
सभासद- नगर पालिका परिषद, बिजनौर मो. 9837515819

आर्य समाज बिल्डिंग, सिविल लाइंस, बिजनौर

बिजली के खंभे पर चढ़कर घर में घुसे चोर

हल्दौर (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव इनामपुरा में बीती रात चोरों ने ग्राम प्रधान के भाई के घर को निशाना बनाते हुए घर में रखी करीब तीन लाख रुपए की नगदी व लाखो रुपए के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस ने सूचना पर मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार ग्राम इनामपुरा में ग्राम प्रधान मौहम्मद अनवार के बड़े भाई मौहम्मद सरफराज के घर में बुधवार की रात्रि किसी समय चोर घर के पास खड़े बिजली के खंबे पर चढ़कर घुस गए और एक कमरे में पहुंचकर वंहा रखे संदूक व सेफ का ताला तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार संदूक व सेफ में करीब तीन लाख रुपए की नगदी व उनकी छोटी बहू के सोने चांदी के जेवरात रखे हुए थे। जिन्हें चोर चोरी करके ले गए। इस दौरान मौ.सरफराज का परिवार पास के दूसरे कमरे में सो रहा था। आहट होने पर परिजनों के आंख खुल गई और उन्होंने एक चोर को भागते हुए देख लिया। अंधेरा होने कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी क्योंकि चोरी के दौरान चोर ने लाइट भी बंद कर दी थी। मौ.सरफराज द्वारा चोरी की सूचना डायल 112 व थाना पुलिस को दी गई। जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी प्राप्त की। मौ.सरफराज व उनके पुत्र हल्दौर और नहटौर में कपड़े की दुकान करते हैं। आज सुबह उन्हें माल लेने बाहर जाना था। करीब तीन लाख रुपए उन्होंने माल खरीदने के लिए ही घर पर लाकर रख थे। आज सुबह मौ.सरफराज ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर चोरी की घटना की तहरीर थाना पुलिस को दी।

तीन लाख की नकदी और लाखों के जेवर ले उड़े

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

एनआईजीसी वारियर्स ने 44 रनों से मुकाबला अपने नाम किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, नजीबाबाद में सत्र 2026-27 का बहुप्रतीक्षित फ्रेशर कप समापन के बाद फैकल्टी मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। एनआईजीसी वारियर्स तथा एनआईजीसी रॉयल्स में एनआईजीसी वारियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, जिसमे सर्वाधिक मनोज कुमार के 35 रन व तरुण गहलौत ने 26 रन के योगदान के साथ एनआईजीसी वारियर्स ने 15 ओवर में 135 रन बनाये। जबाब में 135 रनों का पीछा करने उतरी एनआईजीसी रॉयल्स 13.1 ओवर में मात्र 91 रन ही बना सकी तथा 44 रनों से यह मुकाबला एनआईजीसी वारियर्स ने अपने नाम किया। विजेता टीम से मनोज कुमार को मैनऑफ दा मैच तथा तरुण गहलौत को बेस्ट बॉलर के खिताब से पुरस्कृत किया गया। फैकल्टी मैत्री मैच का उद्घाटन संयुक्त रूप से महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक इंजी.अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल, संस्था के कुलसचिव गौरव वर्मा, प्राचार्या डॉ. शिवानी चैहान एवं डॉ. नीलावती ने किया। साथ ही दोनों टीमो के खिलाडियों को सम्मानित भी किया। कोऑर्डिनेटर शिव कुमार चौहान, विवेक राजपूत का कुशल निर्देशन रहा है। टूर्नामेंट में सहयोग के रूप में डॉ.शिवानी चौहान, पॉलिटेक्निक प्रधानाचार्य मानिक गुप्ता, डॉ.चंचल, सरफराज अहमद, शादाब, विष्णु दत्त, प्रदीप कुमार, अमन कुमार शर्मा, विशाल अग्रवाल, अमित कुमार, कमल चौहान, तरुण गहलौत एवं एनआईजीसी ग्रुप के समस्त स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

पूर्व सैनिकों की जिला स्तरीय मीटिंग का आयोजन



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद तहसील में पूर्व सैनिकों की जिला स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व सैनिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मीटिंग का उद्देश्य सैनिकों के स्वास्थ्य की समस्याओं का समाधान, समाज में कल्याणकारी कार्य, उनके बच्चों में खेल भावनाओं को कैसे जगाएं पर चर्चा की गई। सैनिकों से ग्रुप में जुड़ने की अपील की गई। मीटिंग में पूर्व सैनिक तरुण सहरावत, विजय राणा, पुष्पेंद्र चिकारा, अजय फौजी, बिकेंद्र, विनीत, डालचंद पाल, हुकम सिंह, अवधेश कुमार, बंटी राठी, नीरज कुमार, विजयवीर सिंह, रामावतार सिंह, राजकुमार सिंह तोमर, रूपेंद्र, कपिल राठी, राजीव राठी आदि मौजूद रहे।

दिव्यांग बच्चों को फल व मिठाई वितरित की गई

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के आर्य सुगन्ध संस्थान मुस्सेपुर में मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम नजीबाबाद शैलेन्द्र कुमार, तहसीलदार संतोष यादव, नायब तहसीलदार अमित कुमार, डीपीओ रूबी गुप्ता, महिला थाना प्रभारी बिजनौर विजय सिरोही, थाना प्रभारी नजीबाबाद अमित कुमार, चाइल्डलाइन डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर हिमांशु आदि ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, पुलिस सहायता नंबरों की जानकारी देकर जागरूक किया। इस मौके पर संस्थान की निराश्रित बुजुर्ग महिलाओं को साड़ी, फल व मिठाई व दिव्यांग बच्चों को फल, मिठाई व दीपावली से संबंधित सामग्री वितरित की गई। संस्थान की ओर से बच्चों ने सभी अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत कर पौधे एवं स्वयं बनाए गाय के गोबर से निर्मित दीपक दिए जिसे लेकर सभी अतिथि खुश नजर आए। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थान की प्रबंधक कमलेश आर्य, गरिमा आर्य, गगन आर्य आदि मौजूद रहे।



आसपा व किसान नेता की खनन को लेकर नोकझोंक की ऑडियो वायरल

नजीबाबाद (चिंगारी)। खनन को लेकर क्षेत्र के एक किसान नेता व एक आसपा नेता की मोबाइल पर नोंकझोंक की ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। ऑडियो में आसपा नेता व किसान नेता के बीच खनन का वाहन निकालने व रोकने को लेकर बहसबाजी के बाद काफी नोंकझोंक हो रही है। इस मामले को लेकर किसान नेता ने आसपा नेता पर धमकी दिये जाने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस से शिकायत की। जिसके बाद आसपा व किसान नेताओं ने थाने पहुंचकर दोनों पक्षों का समझौता करा दिया। आसपा नेता ने कुछ लोगों पर जबरन उसकी जमीन पर अवैध खनन करने का प्रयास का आरोप लगाते हुए खनन न करने देने की बात कही।

संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र प्रीतम व उसकी पत्नी सुनीता जो मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हैं तथा मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं, इसलिये मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रही हूं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूं। अगर भविष्य में यह दोनों किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।

-बाला देवी पत्नी स्व. कलीराम, निवासी मौहल्ला नई बस्ती बी-14, बिजनौर

सस्ती जमीन का झांसा देकर लाखों रूपए हड़पने का आरोप

नजीबाबाद (चिंगारी)। सस्ती कृषि भूमि दिलाने का लालच देकर लाखों रुपये हड़पने व बाद में जमीन का बैनामा करने से मुकरने का मामला सामने आया है। मुरादाबाद जनपद के कांठ थाना क्षेत्र के पृथ्वीगंज निवासी मुईनुद्दीन ने एसपी को शिकायती पत्र देकर धूम सिंह व अमित राठी समेत कई लोगों पर धोखाधड़ी कर रकम हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित का दावा है कि जमीन खरीदने के लिए उसने अलग अलग किस्तों में कुल 22.50 लाख रुपये अदा किए, लेकिन आरोपियों ने जमीन उसके नाम करने के बजाय दूसरे लोगों को हस्तांतरित कर दिया। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।



अवैध हथियारों के बल पर किसानों की ज़मीन से अवैध खनन कर रहे माफ़िया

किसान सहकारी चीनी मिल, नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम पंचायत जसवन्तपुर उर्फ लुकादड़ी के ग्रामवासियों ने अपनी जमीनों पर जबरन हो रहे अवैध खनन को लेकर उपजिलाधिकारी नजीबाबाद को ज्ञापन सौंपा। साथ ही मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव खनन और भूतत्व विभाग, जिलाधिकारी बिजनौर, पुलिस अधीक्षक बिजनौर को ज्ञापन की प्रतिलिपियां भेजी हैं।

ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

बता दें कि मौजा मीरपुर दुर्ग के गाटा संख्या 138 रकबा 1.078 हेक्टेयर पर तहसील नजीबाबाद में टीम ग्रोथ प्रा.लि. प्रो. प्रतीक भटनागर दिल्ली को खनन करने का अधिकार दर्ज है, लेकिन मुजफ्फरनगर के कुछ खनन माफिया गुण्डागर्दी व बदमाशी के बल पर अवैध हथियारों के साथ उक्त गाटा संख्या की आड़ में गांव के भोले भाले किसान लुकादड़ी निवासी सुशील कुमार, सुभाष चन्द, चन्द्रपाल सिंह, मौ. फैजान, अरुण कुमार, जगदीश कुमार, सामत आदि के खेतों व मौजा लुकादड़ी, चन्दनपुरा आदि गांव व क्षेत्र में अवैध खनन कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है इन खनन माफियाओं द्वारा पूर्व में भी क्षेत्र में फायरिंग की घटना कर भय व डर का माहौल खड़ा किया जा चुका है। ग्रामीणों ने मांग की कि उक्त गाटा संख्या का सीमांकन कराया जाये और निश्चित सीमा में ही खनन कराया जाये ताकि क्षेत्र के किसानों के खेत सुरक्षित रहें व शान्ति व्यवस्था बनी रहे। आशीष गहलौत, योगेन्द्र सिंह, आदित्य, प्राशीष महलौत, जुल्फकार, फूलसिंह, सतीश कुमार सिंह, सुभाष चंद, अजय कुमार, फैजान, महेश कुमार, अर्जुन, सचिन, दीपेन्द्र सिंह, गौरव चौधरी, सुशील कुमार, राजपाल, जग्गू, सोनू, जगदीश, साजिद मुख्यत: ग्रामीणों द्वारा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया।

चुनाव टालने के लिये अभी और हथकंडे अपनायेगी सरकार

पंचायत चुनाव को लेकर हाईकोर्ट के निर्णय से प्रत्याशियों में कोई खास उत्साह नहीं

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। पंचायत चुनाव को लेकर गत दिवस आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्णय से भावी प्रत्याशियों में कोई खास उत्साह देखने को नहीं मिला। दरअसल, अधिकतर भावी प्रत्याशियों का मानना है कि सरकार ने विधानसभा चुनाव के बाद पंचायत चुनाव कराने की ठान रखी है, जिसे पूरा करने के लिए वह हर संभव हथकंडा अपनाने का काम करेगी। नेताओं का तो यहां तक कहना है सरकार से विधानसभा चुनाव से पूर्व पंचायत चुनाव कराने की उम्मीद किया जाना बेमानी है। तीन महीने के अंदर पंचायत चुनाव कराने का हाईकोर्ट का आदेश कोई अंतिम आदेश नहीं है। प्रत्याशियों का मानना है कि इस आदेश के बाद भी अगर यूपी सरकार चुनाव टालना चाहे तो उसके पास कई विकल्प खुले हैं। सरकार हाईकोर्ट में ही पुनर्विचार याचिका दायर कर सकती है या सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकती है। इन्हीं विकल्पों के आधार पर पंचायत चुनाव के भावी प्रत्याशियों को हाईकोर्ट आदेश पर कोई खास खुशी नहीं हुई है।

मौसम की पड़ रही मार किसानों में हाहाकार

नांगल सोती (चिंगारी)। पता नहीं मौसम किसानों से कौन सी खुन्नस निकाल रहा है। बार-बार आ रही बारिश, आंधी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रही है। आज फिर से बारिश शुरू हो गई। सुबह से ही छाये हुए बादल 9 बजे के आसपास बरसने शुरू हो गये थे। विगत 11 अक्टूबर को आई आंधी-बारिश से मूंजी की अधिकांश फसल खेतों में बिस्तर की भांति बिछ गई थी। गन्ने की भी 60-70 फीसदी फसल गिर गई थी। किसान पिछले 3 दिनों से गिरी हुई गन्ने की फसल विशेषकर पौधा फसल को उठाकर बांधने में लगे हुए थे। इस बीच आज फिर बारिश होने लगी। किसानों युधिष्ठिर अहलावत, हुकम सिंह, रोहित कुमार, अजय बालियान, जितेन्द्र सिंह, नरदेव सिंह का कहना है कि इस बारिश से खेतों में गिरी पड़ी मूंजी की फसल को भारी नुकसान होगा। मूंजी की बालें काली पड़ने लगेंगी, दाना भी खेतों में झड़ेगा। चावल की क्वालिटी काफी प्रभावित होगी तथा उत्पादन घट जायेगा। साथ ही गिरे पड़े गन्ने को भी काफी नुकसान होगा। जो गन्ना उठाया गया था, वो फिर गिर जायेगा।

बीआरसी पुरैनी में एफएलएन प्रशिक्षण का समापन

शिक्षकों को दिये भाषा और गणित के बुनियादी कौशल विकसित करने के टिप्स

नगीना (चिंगारी)। बीआरसी पुरैनी में चल रहे पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण के 15वें और 16वें बैच का बुधवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण में 100 शिक्षकों को भाषा और गणित के बुनियादी कौशल विकसित करने के तरीके बताए गए।



एबीएसए इंद्रजीत सिंह के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में एआरपी छत्रपाल सिंह, संदीप शर्मा, शालिनी, हेमलता और सुनील कुमार ने शिक्षकों को निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों और उसकी रणनीतियों की जानकारी दी। उन्होंने निपुण लक्ष्य, कैचअप कार्यक्रम और परख-2024 के तहत बच्चों की सीखने की क्षमता विकसित करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को रीडिंग कॉर्नर और समाचार-पत्रों के उपयोग से बच्चों में पढ़ने की रुचि बढ़ाने, मौखिक भाषा विकास और पठन कौशल को बेहतर बनाने के तरीके बताए गए। साथ ही कक्षा चार और पांच के लिए अंग्रेजी भाषा की नई एनसीईआरटी पुस्तकों का विश्लेषण किया गया। शिक्षक संदर्शिका और शिक्षक डायरी के प्रभावी उपयोग के संबंध में भी आवश्यक टिप्स दिए गए। प्रशिक्षकों ने कहा कि बच्चों को भाषा और गणित में दक्ष बनाने के लिए शिक्षण कार्य को रुचिकर और गतिविधि आधारित बनाना जरूरी है। इससे बच्चों में सीखने की क्षमता विकसित होगी। प्रशिक्षण में संकुल प्रभारी (नगर) मनीष राणा, मीनाक्षी कपूर, संजीव गुप्ता, समीना फखर, निशाकर, कामिनी दिवाकर, तरुण प्रताप, ओंकार सिंह, मीनाक्षी चौधरी, दीपा सचदेवा, कार्तिक जैन, पूजा बिष्ट सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।



भली लगे या बुरी...

कांग्रेस की तैयारी

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, एस.आई.आर. रद्द करने और मतदाता सूचियों से देश में कथित तौर पर हटाये गये लगभग 13 करोड़ मतदाताओं को फिर से बहाल करने की मांग को लेकर कांग्रेस राष्ट्रव्यापी आंदोलन करने के साथ ही आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भी कमर कस रही है। इसी दृष्टिकोण से उत्तर प्रदेश में आराधना मिश्रा 'मोना' तथा पंजाब में परगट सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। ये दोनों नेता तीन कार्यकाल से अपने निर्वाचन क्षेत्रों से विधायक हैं और इस प्रकार कांग्रेस ने जनता में जड़े जमाने वाले नेताओं को महत्व दिया है। उत्तर प्रदेश में दलित नेता राजेन्द्र पाल गौतम को राज्य प्रभारी बनाए जाने के बाद से ही अनुमान लगाए जा रहे थे कि देर-सवेर अजय राय की विदाई तय है। कांग्रेस ने आराधना मिश्रा को कांग्रेस अध्यक्ष बना कर पुरानी लीक पर लौटने के संकेत दिए हैं। यह तथ्य उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद से कांग्रेस के वोटबैंक में ब्राह्मण, दलित व मुसलमान प्रमुख थे। आराधना मिश्रा के साथ ही तेजतर्रार नेता व सांसद इमरान मसूद को कार्यकारी अध्यक्ष बना कर कांग्रेस ने अपने परंपरागत मुस्लिम वोटबैंक को भी मजबूत करने का प्रयास किया है। हालांकि, 2023 में नियुक्ति के बाद से ही अजय राय ने अपने जुझारू तेवरों से प्रदेश कांग्रेस में जान फूंकने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी और 2024 में छह कांग्रेस सांसद जितवाने का श्रेय भी थोड़ा-बहुत उनको दिया जाना चाहिए। लेकिन कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि संभवतः अजय राय की आक्रामकता से समाजवादी पार्टी थोड़ी असहज अनुभव कर रही थी और अखिलेश यादव के अनुरोध पर उनको हटाया गया है। उनके स्थान पर लाई गईं कांग्रेस के कद्दावर नेता प्रमोद तिवारी की सुपुत्री आराधना मिश्रा सबको साथ लेकर चलने की क्षमता रखती हैं और नियुक्ति के बाद दिए अपने साक्षात्कार में उन्होंने सपा के साथ गठबंधन को महत्वपूर्ण बताया है। पिछले काफी समय से कांग्रेस और सपा के बीच गठबंधन व खास कर सीटों की संख्या को लेकर कयासों का दौर जारी है। ऐसे में इमरान मसूद को कार्यकारी तथा आराधना मिश्रा को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर कांग्रेस ने एक तीर से दो निशाने साधे हैं।

सीजेपी डिजिटल हाइप बनाम ज़मीनी हकीकत

योगेन्द्र योगी

डिजिटल क्रांति और सोशल मीडिया के इस आधुनिक युग में सोशल मीडिया के मैकेनिज्म के खेल से किसी भी सनसनीखेज मुद्दे या समूह के लिए वर्चुअल लोकप्रियता हासिल करना बहुत आसान हो गया है। ऐसा ही कुछ कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) नामक समूह के साथ भी देखने को मिला, जिसे सोशल मीडिया के एक हिस्से और विपक्षी विमर्श में 'देश के युवाओं की नई और बुलंद आवाज' के रूप में प्रचारित करने का प्रयास किया गया। इंटरनेट का यह मैकेनिज्म सीजेपी को सुर्खियां तो दिला रहा है, परन्तु यह आम युवाओं को जमीनी स्तर पर जोड़ पाने में नाकाम रहा है। स्मार्ट फोन की स्क्रीन पर दिखने वाले खोखले शोर और वास्तविक जमीनी स्वीकार्यता के बीच एक बहुत बड़ी खाई होती है। यदि गहराई से और निष्पक्ष रूप से युवाओं के बीच रहकर इस संगठन का जमीनी आकलन किया जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि यह समूह भारत के आम, अनुशासित और करियर-उन्मुख युवा वर्ग का प्रतिनिधित्व कहीं से भी नहीं करता।

इस आंदोलन के केंद्र में खड़े चेहरों की पृष्ठभूमि और कार्यशैली को देखें, तो इनका पूरा ताना-बाना इसी डिजिटल मैकेनिज्म पर टिका नज़र आता है। सीजेपी आंदोलन का मुख्य रणनीतिकार अभिजीत दिपके ने सोशल मीडिया के एल्गोरिदम और ट्रेंड्स का सहारा लिया और अपने मीम्स व रील की बदोलत बहुत बड़ा फोलोअर्स वर्ग आकृषित कर लिया। और खोजी पत्रकारिता की पृष्ठभूमि से आने वाले सौरभ दास ने इन मीम्स और रील्स को अपनी तीखी बहसों और मीडिया मैनेजमेंट के जरिए इस डिजिटल हाइप को मुख्यधारा की सुर्खियों में तब्दील करने का कार्य किया। इन दोनों के समानांतर, सड़कों पर पुलिस और प्रशासन से टकराने और संगठन को थामने की जिम्मेदारी आशुतोष रांका जैसे जमीन पर सक्रिय सिपहसालारों की है।

किसी भी लोकतांत्रिक समाज या आंदोलन की स्वीकार्यता और दीर्घकालिक सफलता उसकी भाषा, आचरण और अनुशासन से तय होती है। सीजेपी की कार्यशैली में संवाद या स्वस्थ बहस के बजाय अमर्यादित अश्लील भाषा, व्यक्तिगत हमलों, ट्रोल संस्कृति और सार्वजनिक व्यवस्था में व्यवधान



डालने को ही अपनी मुख्य कार्यशैली बना लिया गया। हवाई जहाज जैसी अत्यंत संवेदनशील और सुरक्षित सार्वजनिक जगहों पर राजनीतिक स्टंट करना, यात्रियों की सुरक्षा को जोखिम में डालना और कानून-व्यवस्था को जानबूझकर चुनौती देने को बहादुरी के रूप में पेश करना देश के आम और समझदार नागरिकों को बिल्कुल पसंद नहीं आता। रही-सही पोल हाल ही में विमान के भीतर से डिटेन किए जाने की घटना ने खोल दी। डिटेन के दौरान सहयात्रियों की जो लाइव प्रतिक्रिया देखने को मिली, जहां लोगों ने इस प्रकार के तत्वों की गिरफ्तारी पर तालियां बजाईं और 'शेम ऑन यू' के नारे लगाए- वह इस बात का सीधा और अकाट्य प्रमाण है कि आम जनता और देश का पढ़ा-लिखा युवा वर्ग इस प्रकार की अराजक हरकतों से पूरी तरह तंग आ चुका है। भारत का आम नागरिक कानून और व्यवस्था का सम्मान करता है, अराजकता का नहीं। आज की सबसे बड़ी वास्तविकता यह है कि आज का युवा तकनीकी रूप से अविश्वसनीय रूप से जागरूक और साक्षर है। वह किसी भी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर या राजनीतिक संगठन के दावों पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करता। आज का युवा गूगल और इंटरनेट का उपयोग करके किसी भी व्यक्ति या संगठन की पूरी कुंडली, उनके पुराने विरोधाभासी बयान और उनके पीछे छिपे वित्तीय या राजनीतिक स्वार्थों को तुरंत खोज निकालता है। दस अक्टूबर को जिस तरह सरकार ने दिल्ली जाने वाली बहुत सी ट्रेन निरस्त ही कारण है कि जब युवाओं ने सीजेपी के नेताओं के बदलते राजनीतिक स्टैंड और विपक्षी दलों के साथ उनकी साठगांठ को देखा, तो उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया है। सोशल मीडिया का मैकेनिज्म भले ही लाखों व्यूज बटोरकर इन्हें सुर्खियां दे दे, लेकिन वास्तविक जीवन में भारत के आम युवाओं के बीच इनकी कोई गहरी पकड़ नहीं है। राजनीतिक विश्लेषकों का भी यही मानना है कि यदि विपक्षी दलों का संगठनात्मक और वित्तीय सहारा हटा दिया जाए, तो यह समूह पूरे भारत में अपने दम पर दस हजार युवा भी एकत्र करने में सक्षम नहीं है। (सुयोग फीचर्स)

ढिल्लो को जिताने के लिये कमर कसी

ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने आयोजित की कालेज संयोजकों की बैठक

नजीबाबाद (चिंगारी)। शिक्षक विधायक चुनाव हेतु बुधवार को ब्लॉक प्रमुख/भाजपा के विधानसभा क्षेत्र नजीबाबाद संयोजक तपराज सिंह देशवाल के ब्लॉक स्थित कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के कॉलेज संयोजकों की बैठक आयोजित कर भाजपा प्रत्याशी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो को रिकार्ड मतों से विजयी बनाने हेतु जी-जान से जुट जाने का आहवान किया गया।



शिक्षक विधायक चुनाव को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते तपराज देशवाल

बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव हेतु 23 अक्टूबर को मतदान होगा। इस चुनाव में विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों द्वारा मतदान किया जाता है। विधानसभा क्षेत्र नजीबाबाद में स्थित समस्त 47 इंटर कॉलेजों में भाजपा द्वारा नियुक्त कॉलेज संयोजकों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में किया गया। बैठक में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल द्वारा सभी को मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई। ये वोट मतदान केन्द्र- राजकीय इंटर कॉलेज नजीबाबाद में डाले जायेंगे। ब्लॉक प्रमुख ने आहवान किया कि सभी कॉलेज संयोजक आज से ही सम्बन्धित विद्यालयों में जाकर समस्त सम्मानित अध्यापकों/मतदाताओं को उनके वोटर नंबर उपलब्ध करायें तथा मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायें। उन अध्यापकों/मतदाताओं से भी संपर्क करने का आह्वान किया, जो नजीबाबाद विस क्षेत्र के निवासी हैं, परंतु दूसरे विस क्षेत्रों में कार्यरत हैं। सभी संयोजकों के द्वारा अविलंब सभी विद्यालयों में जाकर शिक्षकों/ मतदाताओं से संपर्क कर लेने का आश्वासन दिया गया। बैठक में सचिन देशवाल, डा. भूपेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, वसीम अहमद, कुलवीर सिंह, सत्यपाल सिंह, एड. ब्रजराज सिंह देशवाल, विनय कौशिक, डा. प्रियंका, जिग्नेश कुमार, अरुण गहलौत, राहुल हुडडा, अनुज कुमार, नौबहार सिंह, साबिर अहमद, प्रशांत चौधरी आदि उपस्थित रहे।

मौसम ने फिर ली अंगड़ाई, आसमान में काली घटा छाई

बिजनौर/कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। आज सुबह मौसम ने एक बार फिर अंगड़ाई ली और आसमान में छाई काली घटा ने दिन के उजाले को अपनी आगोश में समेटकर अंधेरा कर दिया। बादलों की गड़गड़ाहट और तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी भी हुई। बार-बार मौसम के अंगड़ाई लेने और बारिश के साथ तेज हवा के कारण फसलों को हो रहे भारी नुकसान से किसान चिंतित हैं। विशेष रूप से धान की फसल को नुकसान पहुंचा है। तेज हवा चलने से गन्ना भी खेतों में गिर गया है। उधर, मौसम का मिजाज बदलने से जुकाम और बुखार फैल रहा है। कभी ठंडा तो कभी गर्म मौसम लोगों की सेहत पर दुष्प्रभाव डाल रहा है। चिकित्सकों और जानकारों का कहना है कि बदलते मौसम में खानपान और स्वास्थ्य की देखभाल जरूरी है।



..तब चौपाल पर हो जाता था बड़े से बड़े विवाद का हल

–डा. श्रवण कुमार गुप्ता

हीमपुर दीपा (चिंगारी)। चौपाल और बैठक पर हुक्का गुड़गुड़ाना कभी पंचायत की आन-बान और शान का प्रतीक माना जाता था, जिसमें बड़े बुजुर्ग मिल बैठकर हुक्का गुड़गुड़ाते थे और सुख-दुख, देश देशांतर और समाज में चल रही गतिविधियों पर चर्चा करते रहते थे, इससे समाज में एकजुटता और भाईचारा बना रहता था। लोग बड़े से बड़े विवादों का निबटारा चुटकी बजाते ही कर दिया करते थे, लेकिन आधुनिक युग में नई पीढ़ी के चौपाल पर ही एकाकी परिवार में स्वच्छंद रहना पसंद करने लगे हैं, जिसके चलते पंचायत और हुक्का गुड़गुड़ाने का चलन आज काफी हद तक सिमटकर रह गया है। लोग आपस में मिलना और बैठना पसंद नहीं करते, जिसके चलते समाज में विवादों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। हालांकि सरकार ने अब थाना और तहसील समाधान दिवस का आयोजन करना शुरू किया है, फिर भी लोगों को पहले की तरह न्याय नहीं मिल पाता। पहले बड़े बुजुर्ग ऐसे विवादों का हुक्का गुड़गुड़ाकर ही समाधान खोज निकालते थे। 1980 के दशक में ऐसा ही एक मामला रतनपुर खुर्द गांव में देखने को मिला था, जब हीमपुर दीपा गांव निवासी रशीद कुम्हार की एक मरियल सी घोड़ी रतनपुर खुर्द गांव के बाहरी छोर पर घास चरते



चरते आ गई, उसके पैरों में रस्सी बंधी थी, वहां खेल रहे बच्चों ने जब उसे घास चरते देखा तो वह उस पर सवारी करने के लिए लालायित हो उठे, फिर क्या था बच्चों ने घोड़ी को पकड़ लिया, सभी बच्चे सवारी करने लगे, कुछ बच्चे पीछे से हांका लगाते घंटों यह दौर चला। आखिरकार घोड़ी ने थक-हारकर दम तोड़ दिया। उस समय यह मामला पंचायत में पहुंचा, तो सभी बच्चों और आसपास रह रहे परिवार के लोगों को भी पंचायत में बुलाया गया, सभी ने कबूल किया कि बच्चों को घोड़ी पर सवारी करते देखा है, फिर क्या था सभी से अर्थ दंड के रूप में थोड़ी-थोड़ी राशि वसूल कर पीड़ित को दे दी गई। ऐसे में तब न कोई विवाद हुआ और न ही कानून का कोई झंझट। अब भागदौड़ भरी जिंदगी और संयुक्त परिवारों के टूटने से चौपाल और बैठकों के दौर का चलन काफी हद तक सिमटकर रह गया है। गांव व क्षेत्र में कहीं इक्का-दुक्का ही हुक्का गुड़गुड़ाते लोग देखने को मिलते हैं। युवा पीढ़ी के बदलते मिजाज के चलते पारंपरिक हुक्का अब घरों और चौपाल से लगभग गायब सा हो चला है।

ख़बर का हुआ सीधा असर, कब्रिस्तान की सफाई कराई



खासपुरा (चिंगारी)। शराबियों का ज़हन है इतना ख़राब, कब्रिस्तान में बैठकर पीते हैं शराब। दो दिन पूर्व लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी में इस शीर्षक से प्रकाशित ख़बर का बड़ा असर हुआ है। ख़बर प्रकाशित होने के बाद ग्राम सचिव सलमान खान ने मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने तुरंत खासपुरा क्षेत्र के ग्राम उमरी-बड़ी के कब्रिस्तान में सफाई अभियान चलवाया। बताया गया कि कब्रिस्तान में चारों तरफ फैली गंदगी, शराब की बोतलें और नशे का सामान साफ कराया गया है। ख़बर में मुस्लिम समाज के मोहम्मद इरफान, मुश्ताक, नवाबुद्दीन, असलम, अब्दुल वाहिद, मोहम्मद दानिश सहित मौलाना कजुद्दीन ने कब्रिस्तान में हो रही बेअदबी पर रोष जताया था, जिसके बाद अब कार्रवाई होने से ग्रामीणों ने चिंगारी और ग्राम सचिव का आभार व्यक्त किया है।

दबखेड़ी में दिखा गुलदार

खासपुरा (चिंगारी)। थाना क्षेत्र नूरपुर के गांव दबखेड़ी में उस समय हड़कंप मच गया, जब रास्ते में सेंटर के पास एक गुलदार दिखाई दिया। गुलदार दिखने की सूचना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार गांव दबखेड़ी में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होने जा रहे अनिक चौधरी एवं अमरपाल चौधरी ने रास्ते में सेंटर के पास गुलदार को देखा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुलदार अचानक सड़क किनारे झाड़ियों से निकला और कुछ देर बाद जंगल की ओर चला गया। अनिक चौधरी ने बताया कि उन्होंने गुलदार को अपनी आंखों से देखा और उसका वीडियो भी बना लिया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।



रामा एफएम टीम ने की विद्यालय में विजिट

किरतपुर (चिंगारी)। रामा एफएम 90.0 एवं स्मार्ट एनजीओ के तत्वावधान में होम साइंस विभाग की छात्राओं की ग्राम सिसौना जट के प्राथमिक विद्यालय में विजिट कराई गई। विजिट का उद्देश्य पूर्व बाल्यावस्था में शिक्षा एवं संक्रामक रोगों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। विजिट के दौरान होम साइंस की छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाकर संक्रामक रोगों की जानकारी प्राइमरी स्कूल के बालकों को दी। इसके अतिरिक्त स्कूल वातावरण, क्लास रूम, स्कूल एक्टिविटीज, टीचिंग मेथोडस व छात्र-अध्यापक सहभागिता आदि का निरीक्षण किया गया। रामा एफएम 90.0 टीम व होम साइंस की अध्यापिकाओं शुभांगी भारद्वाज, भूमिका नामदेव व छात्राओं के सहयोग से विजिट सफल रही। यह जानकारी रामा एफएम 90.0 मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश कुमार ने दी।



एरिज और अकदस की जोड़ी ने किया शानदार प्रदर्शन

शेरकोट (चिंगारी)। उत्तराखंड के जिला नैनीताल स्थित मोटाहल्दू में आयोजित हुई इनफिनीटी कप बैडमिंटन टूर्नामेंट-2026 में नगर के मोहल्ला शेखान निवासी शारिक शम्सी के पुत्र एरिज शम्सी और अक़दस की जोड़ी ने डबल्स मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया।



नगर के मुहल्ला शेखान निवासी शारिक शम्शी ने बताया कि 11 अक्टूबर को खेले गए टूर्नामेंट के अंडर-11 व अंडर-13 वर्ग के सिंगल्स और डबल्स मुकाबलों में उनके पुत्रों की जोड़ी ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने कड़े मुकाबले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एरिज और अक़दस को आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया। बच्चों की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है।



भनोटी में प्रारंभ हुआ रामलीला मंचन, डॉ. इन्द्रदेव ने किया उद्घाटन

बड़ी मंडी में पूजन के साथ रामायण का हुआ प्रसारण

धामपुर (चिंगारी)। धामपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम भनोटी में आयोजित रामलीला मंचन का उद्घाटन पूर्व भाजपा विधायक डॉ इंद्रदेव सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जीवन चरित्र संपूर्ण समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि श्री रामचंद्र ने मर्यादाओं का पालन करते हुए समाज को कर्तव्य पालन का संदेश दिया इसलिए उन्हें पुरुषोत्तम श्रीराम कहा गया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने दक्ष वैदिक इंटर कॉलेज, शेरकोट मिर्जापुर, उमरपुर, हाफिजाबाद बिहारीपुर, बरखेड़ा, सुहागपुर आदि में भी रामलीला का शुभारंभ कराया। इसके अतिरिक्त बीती रात श्री रामलीला समिति बड़ी मंडी द्वारा राम बनवास व दशरथ मरण की लीला का प्रदर्शन कराया गया। प्रदर्शन में श्रीराम, लक्ष्मण और सीता के वनवास तथा उनके वियोग में सम्राट दशरथ द्वारा प्राण त्याग देने की लीला का मंचन देखकर दर्शन भाव विभोर हो गए। उधर रामायण सीरियल के प्रसारण से पूर्व पुरोहित पंडित ऋषि राम शर्मा ने पूजन संपन्न कराया जिसमें मुख्य यजमान समाजसेवी दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, सचिन अग्रवाल, अनिल शर्मा इंजीनियर व रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय मित्तल मुन्ना उपस्थित रहे। इसी के साथ नगीना मार्ग स्थित रामलीला बाग में बुधवार की रात सीता स्वयंवर की लीला का प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर श्री बाग रामलीला समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल कटका, महा मंत्री मनोज जोशी व कोषाध्यक्ष सौरभ मित्तल ने पूजन कराया।


रामलीला का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए पूर्व विधायक डॉक्टर इंद्रदेव सिंह।

नितिन चौहान की मौत पर गांव में शोक

एक वर्ष में परिवार में हुई तीन मौत

धामपुर (चिंगारी)। ग्राम सरकड़ा चकराजमल निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाबू सिंह चौहान के छोटे पुत्र नितिन चौहान की उपचार के दौरान मेरठ के एक अस्पताल में मौत हो गई वह 25 वर्ष के थे। बताया जाता है कि लगभग तीन सप्ताह पूर्व नितिन चौहान पृथ्वीराज चौहान इंस्टीट्यूट के निकट सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे उसके बाद उन्हें उपचार हेतु मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनका निधन हो गया। उनके निधन का समाचार पाकर गांव में शोक व्याप्त हो गया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य बाबू सिंह चौहान के बड़े बेटे सचिन चौहान (32 वर्ष) का लगभग 1 वर्ष पूर्व जीने से गिरकर घायल हो जाने पर निधन हो गया था। इसके बाद बाबू सिंह चौहान की धर्मपत्नी का भी स्वर्गवास हो गया था। बाबू सिंह चौहान के परिवार में 1 साल के भीतर तीन मौत होने पर गांव में शोक व्याप्त है। बताया जाता है कि नितिन की धर्मपत्नी लगभग 8 माह की गर्भवती है। बाबू सिंह चौहान के बड़े पुत्र की पत्नी और दो बच्चे हैं परिवार में अब पोते-पोती और महिलाओं की जिम्मेदारी बाबू सिंह चौहान पर आ गई है।


फाइल फोटो नितिन चौहान

हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया

धामपुर (चिंगारी)। मौहल्ला बाड़वान स्थित माता सावित्रीबाई फूले मार्ग पर आयोजित सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत सेवा समिति पंजीकृत के संस्थापक सुभाष चंद्र कौशिक एवं संरक्षक पंकज भटनागर तथा बाबा नीब करोरी कृपा कुंज के संस्थापक बाबा रामदास महाराज के संरक्षण मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान महावीर सिंह सैनी एवं उनकी धर्मपत्नी मुन्नी देवी सैनी, पंकज सैनी, लक्ष्मी देवी सैनी, जयकुमार सैनी, मिरई रानी सैनी, सुमित सैनी, अमित सैनी, मोना सैनी रहे। इस अवसर पर चंचल रानी, हेमलता सैनी, मोना सैनी, खुशबू सैनी, प्रवेश मिश्रा, पंकज वर्मा, पंडित तरुण शर्मा शास्त्री, मेघराज सिंह प्रजापति, अनिल चौधरी, आयुष राज वर्मा, लिटिल वर्मा, चेतन सैनी, महावीर सैनी आदि ने भजनों की प्रस्तुति दी। सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक ने माता रानी की भेंट प्रस्तुत की। दक्ष प्रजापति कुम्हार महासभा के अध्यक्ष क्षेत्रपाल सिंह प्रजापति एवं कोषाध्यक्ष बृजमोहन प्रजापति क्षेत्रीय बार एसोसिएशन से पहुंचे सुनील कुमार शर्मा एडवोकेट आशीष भारद्वाज एडवोकेट उत्तम कुमार गुप्ता एडवोकेट, आरके आर्य एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

शिविर में अनेक लोगों ने नेत्रदान संकल्प-पत्र भरे

धामपुर (चिंगारी)। रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया की ओर से आयोजित नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में अनेक लोगों ने नेत्रदान संकल्प भरे, जिनमें सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी के उपाध्यक्ष सुरेश कुमार छाबड़ा, वरिष्ठ पत्रकार भूपेंद्र कुमार शर्मा सोनू,रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष सरदार गगनदीप सिंह चावला, पर्यावरण प्रहरी पराग गुप्ता, एन जीओ वर्कर अरशद अजीम, आयशा अजीम, अजीम तथा हिना अजीम शामिल रहे। इसी के साथ इन सभी ने रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया द्वारा चलाए जा रहे इस नेत्रदान अभियान कार्यक्रम को अपने स्तर से भी जन-जन तक पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान संकल्प पत्र भरे जाने के लिए प्रेरणा प्रदान करने की घोषणा की।



सेवा संकल्प अभियान के तहत बनाई आकर्षक रंगोली

धामपुर (चिंगारी)। विकास खण्ड अल्हैपुर/धामपुर में सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत रंगोली बनाओ कार्यक्रम में विकास विभाग, बेसिक शिक्षा व बाल विकास विभाग के संयुक्त सहभागिता से 25 फिट ×25 फिट की रंगोली बनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती क्षमा हेमलता चौहान, ब्लॉक प्रशासक / प्रमुख, धामपुर रहीं। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह राणा, अनुराग प्रताप सिंह, उदिता सिसौदिया, शिखा राजपूत, अशोक कुमार, रीना, रेणू आदि मौजूद रहे।

रोटरी क्लब ने लगाया नेत्र चिकित्सा शिविर


मरीज को देखते हुए चिकित्सक।

धामपुर (चिंगारी)। रोटरी क्लब धामपुर इंडस्ट्रियल एरिया द्वारा बुधवार को गुरुद्वारे के हाल में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीएल गुप्ता आई हॉस्पिटल मुरादाबाद से आई टीम में शामिल डॉ. सागर, सत्य प्रकाश शर्मा, दिनेश कुमार, शीजान, फाजिल, मोहित, नरेंद्र, मीनाक्षी, शाबाद, अंकुश, प्रीति, किरण, अभिषेक, राहुल आदि ने मरीजों की आंखों का चेकअप किया। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुरादाबाद से आए सरदार गुरविंदर सिंह, डॉ. एनपी सिंह, प्रोजेक्ट चेयरमैन एवं वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा ने नेत्रदान अंगदान देहदान किए जाने का संकल्प दिलाया। शिविर में रोटरी क्लब के अध्यक्ष सरदार गगनदीप सिंह, सचिव सरदार गुरदीप सिंह, शिवेंद्र अग्रवाल, मनीष गर्ग, डॉक्टर पुलकित माहेश्वरी डॉक्टर राजमोहन विश्वास आदि भी उपस्थित रहे। शिविर में लगभग 110 मरीज के नेत्रों का परीक्षण किया गया तथा दवाई और चश्मे भी वितरित किए गए।

विद्या भारती कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं को विद्यालय में किया सम्मानित

धामपुर (चिंगारी)। मध्य प्रदेश के बैतूल में 9 से 13 अक्टूबर तक आयोजित विद्या भारती अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता में लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, धामपुर की अंडर-17 आयु वर्ग की आठ छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विजेता छात्राओं परी, पल्लवी, काव्या, भूमिका, जूही, यांशी, साक्षी, हिमांशी को प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय पहुंचने पर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता पूर्णिमा शर्मा तथा अलका के नेतृत्व में संपन्न हुई थी। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आभावती ने बताया कि विद्यालय की आठ छात्राओं ने इससे पूर्व भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किए थे। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय की प्रबंध समिति अध्यक्षा शोभा अग्रवाल, पारूल अग्रवाल, कोषाध्यक्षा अनीता गोयल एवं प्रधानाचार्या श्रीमती आभवती ने आचार्या बहनों एवं विजेता छात्राओं का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन राजू गुप्ता ने भी छात्राओं को सम्मानित किया।



शारदीय नवरात्रि

षष्ठम कात्यायनी

नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी का ध्यान, पूजन करने से भक्त के आंतरिका सूक्ष्म जगत में चल रही नकारात्मकता विकास होता है। सुनहले और चमकीले वर्ण वाली, चार भुजाओं वाली और रत्नाभूषणों से अलंकृत कात्यायनी देवी खूंखार और प्रपट पड़ने वाली मुद्रा में रहने वाले सिंह पर सवार रहती हैं। नवरात्रि के छठे दिन मां के इस रूप को प्रसन्न करने के लिए मधु यानी शहद का भोग लगाकर स्वयन करने से साधक को सुंदर यौवन प्राप्त होता है, साथ ही मां लक्ष्मी के रूप में माता घर में वास करती हैं।





डा. मनोज वर्मा डा. शाश्वत वर्मा डा. एन.पी. सिंह
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्योहारा (बिजनौर)
20-धामपुर विधानसभा

जय माता दी

त्यौहारों पर जो मचायेंगे हुड़दंग प्रशासन सख्ती बरतेगा उनके संग

दुर्गा पूजा, नवरात्र और रामलीला को लेकर प्रशासन अलर्ट



बिजनौर (चिंगारी)। आगामी दुर्गा पूजा, शारदीय नवरात्र, रामलीला और अन्य त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि त्यौहारों में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को चिह्नित कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

डीएम ने मूर्ति विसर्जन निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए गए विसर्जन स्थलों पर कराने तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये। उन्होंने जुलूस और शोभायात्राओं के मार्गों पर लटकते बिजली के तार तत्काल ठीक कराने और हाईटेंशन लाइनों की जांच कराने को कहा। साथ ही एसडीएम और संबंधित अधिकारियों को जुलूस मार्गों का संयुक्त निरीक्षण कर सड़क मरम्मत सहित जरूरी कार्य समय से पूरे कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने नगर निकायों और जिला पंचायत राज अधिकारी को साफ-सफाई तथा जल निगम को ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारु जलापूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। डीएम ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से त्यौहारों से पहले तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक केके विश्नोई सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

ब्यूटी प्रैक्टिशनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



हल्दौर (चिंगारी)। पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में जनपद की महिलाओं का 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर (लघु उद्यमी) प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन ग्रामीण विकास मंत्रालय के मानकों के तहत प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक मनीष कुमार गौतम ने राबिया, इकरा, जानवी, वैशाली, यशी, रिया, भूमिका, अंजली, ईशा, इतिका, नीतू, आरती, नूजिफा और काजल सहित कुल 31 सफल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर चारू रवि ने महिलाओं को ब्यूटी पार्लर व्यवसाय से जुड़ी बारीकियों की विस्तृत जानकारी दी। इसमें हेयर कटिंग, ब्राइडल मेकअप, मेहंदी डिजाइनिंग, वैक्सिंग और पार्टी मेकअप आदि के थ्योरी और प्रैक्टिकल सत्र शामिल रहे। इसके आलावा केवल सौंदर्य कला ही नहीं, बल्कि महिलाओं को एक सफल उद्यमी बनाने के लिए उन्हें कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रशिक्षित किया गया। संस्थान निदेशक ने बताया कि आज के दौर में सौंदर्य सेवाएं महिलाओं की दैनिक आवश्यकता बन चुकी हैं। ऐसे में महिलाएं इस प्रशिक्षण के बाद न्यूनतम पूंजी के साथ अपने घर से ही ब्यूटी पार्लर का कार्य शुरू कर सकती हैं।

डॉ. सुनीत गिरि के समर्थन में शिक्षकों ने किया जनसंपर्क



बिजनौर (चिंगारी)। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक विधायक चुनाव में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के अधिकृत प्रत्याशी डॉ. सुनीत गिरि के समर्थन में बुधवार को संगठन के पदाधिकारियों ने जनसंपर्क अभियान चलाकर शिक्षकों से मतदान की अपील की। जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने आईटीआई बिजनौर पहुंचकर जनगणना प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों से संपर्क किया। इसके बाद वर्धमान कॉलेज जाकर प्राचार्या डॉ. प्रीति खन्ना और विभिन्न संकायों के शिक्षकों से मुलाकात कर डॉ. सुनीत गिरि के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जिलाध्यक्ष गय्यूर आसिफ ने कहा कि डॉ. सुनीत गिरि पिछले 20 वर्षों से शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए मंडल से लेकर प्रदेश स्तर तक संघर्षरत हैं। उन्होंने शिक्षकों से 23 अक्टूबर को होने वाले चुनाव में डॉ. सुनीत गिरि को विजयी बनाने का आह्वान किया। इस दौरान ब्रजवीर सिंह, राजेंद्र सोलंकी, सुधांशु कुमार, विपिन कुमार, तेजपाल सिंह और मोहम्मद अनस सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

गुलाब सिंह कॉलेज में युवा संसद का आयोजन



चांदपुर (चिंगारी)। गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर-स्याऊ के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा युवा संसद कार्यक्रम-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीवन ज्योति अस्पताल के संस्थापक सर्वेश चौधरी रहे।

युवा संसद में 'एक देश, एक चुनाव' जैसे महत्वपूर्ण समसामयिक विषय पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गंभीर चर्चा, तर्क-वितर्क एवं विचार-विमर्श हुआ। इसके पश्चात संसदीय प्रक्रिया के अनुरूप विधेयक को पारित करने की कार्यवाही संपन्न की गई। छात्रों ने संसदीय मर्यादा, संवाद, तार्किक अभिव्यक्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्वेश चौधरी ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर अनिल कुमार वर्मा, राजनीतिक विभाग के प्रभारी प्रो. दिनेश सिंह, प्रो. अमित कुमार आदि ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर मोहम्मद सुलेमान ने किया।

पीएम मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड विकास और सुशासन के नये आयाम स्थापित कर रहा है- धामी

काशीपुर (चिंगारी)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने काशीपुर में आयोजित विधानसभा प्रभारी वर्ग एवं विस्तारक योजना वर्ग के समापन सत्र में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बी.एल. संतोष, प्रदेश सहप्रभारी अरविंद मेनन एवं बांसुरी स्वराज तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) फणींद्रनाथ शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से



प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होने के साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने समान नागरिक संहिता लागू करने, सख्त नकल विरोधी कानून बनाने, धर्मांतरण के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों को मजबूत करने और अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई जैसे अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इन निर्णयों का उद्देश्य प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, महिलाओं को सशक्त बनाने, किसानों की आय बढ़ाने और पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और सीमांत क्षेत्रों के विकास को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को विकास के प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाना हमारा विकल्प रहित संकल्प है।

पूजा-अर्चना के साथ की चामुण्डा देवी की प्रतिमा की स्थापना

शेरकोट (चिंगारी)। बुधवार को क्षेत्र के ग्राम पालकी ऐमन में श्री चामुंडा देवी के स्थान पर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद चामुंडा देवी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। गत सोमवार से गांव के चामुंडा देवी के स्थान पर तीन दिवसीय पूजा का कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें माता की नवीन प्रतिमा का विधिवत पूजन कराया गया। बुधवार को आचार्य पंडित सुशील वशिष्ठ, आचार्य पंडित कृष्ण कुमार कौशिक,पंडित भास्कर कौशिक, पंडित शिवम कौशिक ने विधिवत मंत्रोच्चारण के बीच माता रानी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा कराकर कार्यक्रम को सम्पन्न कराया। इससे पूर्व प्रतिमा को स्नान व श्रंगार कराकर शोभायात्रा भी निकाली गई। इस अवसर पर हुए यज्ञ में धर्मपाल सिंह, छोटे सिंह, महिपाल सिंह व उनके भाईयों



ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। इस अवसर पर आयोजित किये गए भंडारे में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में ब्रह्मपाल सिंह,पवन कुमार,बबलू सिंह, महिपाल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, गर्व चौहान, संगीता, सरोज बाला, आदेश, साधना, ओमवती, बबीता, अनीता, ममता, पूजा, अल्पना, शीतल आदि सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महिलाओं से संबंधित योजनाओं व हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी

बिजनौर (चिंगारी)। मिशन शक्ति फेस-5 के द्वितीय चरण के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के सम्बन्ध में नगर पालिका परिषद बिजनौर प्रांगण में स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, जननी सुरक्षा योजना आदि एवं महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर जैसे 1090 वुमेन पावर लाइन,



181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा आदि की जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सिंह एवं संचालन रामपाल सिंह अधिशासी अधिकारी ने किया। कार्यक्रम में रूपाली रस्तौगी, सोनिका, नेहा शर्मा, पूनम विश्नोई, आसमा, ज्योति, प्रीति, रूपा, ममता, नीलम, कविता गुप्ता, अश्वनी, मंजू रानी, ज्योति कश्यप आदि महिलाओं ने प्रतिभाग किया।

विकसित भारत में युवाओं का योगदान विषय पर हुई भाषण प्रतियोगिता

नूरपुर (चिंगारी)। धामपुर रोड स्थित गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास एवं कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यालय में पांचों हाउस सुभाष हाउस, गांधी हाउस, टैगोर हाउस, भगत सिंह हाउस और तेज हाउस के बीच विकसित भारत में युवाओं का योगदान विषय पर हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने अपने भाषणों में राष्ट्र निर्माण, शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीक, नवाचार, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक जिम्मेदारी तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रथम स्थान पर सुखविंदर, सालिहा, ध्रुवी, कीर्तिका, मुकुल, रीत, द्वितीय स्थान पर यथार्थ, मानवी, सत्यम, ईशप्रीत, अरीवा, जसप्रीत, रिया तथा तृतीय स्थान पर फारिया, अभिनव, जीशान अली, दिव्यंका, अपूर्वा, शिवी रहे। विशाल वर्मा, अनीता, नीतू आदि अध्यापकों का प्रतियोगिता के संचालन में योगदान रहा। विद्यालय के प्रबंधक मंदीप सिंह एवं प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज के युवा ही कल के भारत का भविष्य हैं।



आज का विचार

अच्छा है हेलमेट बांटो अभियान एक्सीडेंट में बचेगी लोगों की जान

-हिंदुस्तानी



बिजनौर ज़िले में एसपी श्री विश्नोई के निर्देश पर आजकल अच्छा यातायात सुरक्षा अभियान चल रहा है। पहले नियम के अनुसार बिना हेलमेट टू व्हीलर चलाने वालों का 1000 रुपए का चालान काटा जाता था। अब ऐसे लोगों को मौके पर ही 800 रुपए का हेलमेट खरीदने को प्रेरित कर सेफ रवाना किया जा रहा है। यह मांग बहुत दिन से हम जैसे बहुत से पत्रकार, समाजसेवी और सोशल एक्टिविस्ट पुलिस से करते आ रहे थे कि बिना हेलमेट वालों के चालान काटने की बजाए उनको हेलमेट हाथों हाथ खरीदने को कहा जाए, अब ज़िले में पुलिस ने ऐसा अभियान पांच दिन के लिए चलाकर अब तक लगभग 500 हेलमेट जनपद के विभिन्न नगरों, कस्बों और गांवों के आसपास चैकिंग प्वाइंट पर वाहन चालक लोगों को उपलब्ध कराए हैं।

हालांकि यह काम अगर केंद्र और राज्यों की सरकारों द्वारा होता तो और भी अच्छा था। लेकिन शासन केवल चालान की रकम बढ़ाकर हर बार यह मानता है कि इससे लोग अधिक जुर्माना देते हुए डरेंगे और यातायात नियमों का पालन करने लगेंगे। लेकिन मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्टेशन एंड हाईवे के आंकड़े बताते हैं कि वाहनों के कुल 45000 करोड़ के चालान पेंडिंग पड़े हुए हैं। यह इतना बड़ा आंकड़ा है कि शायद किसी छोटे राज्य का कुल वार्षिक बजट इसके बराबर होगा। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने लंबित पड़े चालानों की रकम वसूलने को सरकार से कोई नई रणनीति बनाने को कहा था। कोर्ट ने यहां तक कह दिया कि अगर लोग एक से अधिक चालान होने पर भी बेफिक्र होकर गाड़ी चला रहे हैं और बार-बार ट्रैफ़िक रूल तोड़ रहे हैं तो उनके चालान की रकम उनके बिजली के बिल में जोड़कर भेजी जानी चाहिए और अगर वे फिर भी बिल चालान की राशि सहित जमा नहीं करते तो उनकी बिजली काट देनी चाहिए। लेकिन सरकार इस प्रस्ताव पर राज़ी नहीं थी तो उसने भविष्य में ऐसे वाहनों को सीज़ करने का शपथ पत्र कोर्ट में दिया, जिनके चालान कटने के बाद लंबे समय से पेंडिंग पड़े हुए हैं।

हमारे देश, समाज और नागरिकों की समझ अजीब है। इनको अपनी जान सुरक्षित रखने के लिए लगाए जाने वाले हेलमेट के लिए भी चालान का डर दिखाना होता है, लेकिन बार-बार समझाने और चालान कटने के बाद भी अधिकांश लोग हेलमेट लगाना अपनी शान के खिलाफ़ समझते हैं। कुछ लोग पुलिस चैकिंग को देखकर हैंडिल पर टंगा हेलमेट लगा लेते हैं और आगे बढ़ते ही फिर से उतार देते हैं। कुछ लोग रास्ता बदलकर निकल जाते हैं। कुछ लोग सौ-दो सौ और पांच सौ किमी. तक का सफ़र बाइक और कार से दिल्ली-मुंबई तक बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के पूरा कर लेते हैं और इन बड़े शहरों में एंट्री लेते हुए यह सोचकर हेलमेट और सीट बेल्ट लगाते हैं कि यहां पुलिस चालान करने में सख़्त है। मतलब जान बचाने की परवाह नहीं, पुलिस और चालान के डर से ट्रैफ़िक नियम का पालन करते हैं। बिनजौर एसपी के हेलमेट उपलब्ध कराओ सराहनीय अभियान से लोग जितनी बार पकड़े जाएंगे, उनके पास उतने ही हेलमेट जमा होते जाएंगे, तो वे चालान और फालतू हेलमेट खरीदने से बचने और दुर्घटना होने पर अपनी जान की सलामती के लिए शायद हेलमेट लगाने की आदत डाल लें, वैसे तो टू व्हीलर पर बैठी दूसरी सवारी और बच्चों को भी हर हाल में हेलमेट लगाना ही चाहिए।

नहीं है वजह ज़रूरी के जब हो,तब मर जाएं,
उदास लोग हैं, मुमकिन है बे सबब मर जाएं ।

नोट-लेखक नवभारत टाइम्स डॉट कॉम के ब्लॉगर और तर्कशील समाज अख़बार के संपादक हैं।

जनपद का सबसे पहला रामलीला मंचन स्योहारा में हुआ

70 फीट के रावण, मेघनाद व कुम्भकर्ण के पुतले होते थे दहन

-अश्मनी विश्नोई जाखड़

बसंत वाटिका के राजा ने शुरू कराया था मंचन

स्योहारा (चिंगारी)। ऐसा माना जाता है जनपद में रामलीला मंचन की शुरूआत स्योहारा नगर से शुरू हुई, जिसके लिए महत्वपूर्ण भूमिका बसंत वाटिका रियासत के राजा की रही। शुरू के दिनों में रामलीला में रावण, मेघनाथ, कुम्भकर्ण, अहिरावण के पुतले 65 फीट से 70 फीट तक ऊंचे बनाए जाते थे और लंका दहन भी लंका बनाकर किया जाता था। लेकिन समय के साथ -साथ सब बदलता गया और सिर्फ रावण व मेघनाद का पुतला दहन किया जाता है और ऊचाई भी लगभग 20 से 30 फीट हो गई है। सात दशक पहले दूर-दूर के गांवों से हजारों लोग दशहरा मेले में बैलगाड़ियों से आया करते थे। रामलीला मंचन कराने के लिए स्टेट स्योहारा के कुंवर हरिराज सिंह ने 1897 ई. में 30 बीघा भूमि रामलीला के नाम कर दी थी। इसी वर्ष से यहां साल में 15 दिन रामलीला खेली जाने लगी। 1898 में श्री रामलीला कमेटी के नाम से एक संस्था एक्ट 21 सन् 1860 द्वारा रजिस्टर्ड कराई गई। संस्था का रजिस्ट्रेशन लखनऊ से कराया गया। रजिस्ट्रेशन नम्बर 555 था। जिन दिनों यहां रामलीला खेली जाती, उन दिनों यहां मेला भी लगता था। इसमें आसपास ही नहीं दूर-दूर के गांवों से अपार भीड़ आती थी। उन दिनों यातायात का सुलभ साधन बैलगाड़ी हुआ करती थी। मेले में अंतिम चार दिनों में लंका दहन, कुम्भकर्ण वध, मेधनाथ वध, अंतिम दिन रावण वध होता था, बुराई के प्रतीक इनके पुतलों का दहन किया जाता था। रामलीला का मंचन दिन में किया जाता था। 1957 में रात्रि की रामलीला की भी शुरुआत की गई। अब मथुरा, वृंदावन, अलीगढ़ आदि से कलाकारों की कम्पनी आने लगी।


रामलीला मंचन का एक दृश्य (फाइल फोटो)

रावण के जले पुतले के नीचे निकलते थे बच्चे

नगर में दशहरा के दिन रावण का पुतला दहन होने के बाद जले पुतले के नीचे महिलाएं अपने बच्चों को निकालती थीं। ऐसा मानना था कि बुरी नजर से बचाने लिए महिलाएं बच्चों को पुतले के नीचे से निकालती थीं। धीरे-धीरे ये परमपरा समाप्त होती चली गयी और अब कुछ लोग पुतला दहन से पहले ही रावण के पुतले के नीचे से निकलते हैं।

दशहरा के मेले में दूर-दूर से आते हैं लोग

रामलीला मैदान में भरने वाला दशहरा मेले में क्षेत्र के हजारों लोग शामिल होते हैं। इस दिन यातायात व्यवस्था भी मानों ठप ही हो जाती है। पुलिस के द्वारा यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जाता है।


फाइल फोटो।

खिलेंद्र ने किया रामायण के प्रसारण का शुभारंभ



चांदपुर (चिंगारी)। समाजसेवी खिलेन्द्र भारद्वाज ने क्षेत्र के ग्राम शेखपुरी मीना में बड़े पर्दे पर चल रही रामायण का फीता काटकर शुभारंभ किया। खिलेन्द्र भारद्वाज ने प्रभु श्री राम के नाम के जयकारे लगवाते हुए कहा कि समस्त ग्रामवासियों पर सदैव प्रभु श्री राम की कृपा बनी रहे तथा गांव में सुख, शांति, समृद्धि और भाईचारा सदैव बना रहे। इस अवसर पर मोहित कुमार, डंपी यादव, हरेन्द्र सैनी, सतेन्द्र कुमार, शिवराज सैनी, सूरज कुमार, राहुल शर्मा, हिमांशु कौशिक इत्यादि उपस्थित रहे। भगवान श्री राम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

शूर्पणखा-लक्ष्मण संवाद की लीला देख रोमांचित हुए दर्शक

चांदपुर (चिंगारी)। रामसेवक मंडल रामलीला कमेटी चांदपुर के तत्वावधान में रामलीला मैदान में चल रहें रामलीला मंचन में चित्रकूट से आये महेश द्विवेदी के कलाकारों ने शूर्पणखा-लक्ष्मण संवाद, शूर्पणखा-सीता संवाद, श्री राम संवाद आदि का मंचन किया। उसके पश्चात सीता हरण लीला मंचन दिखाया गया और मुरादाबाद की दारा एंड कंपनी के द्वारा दुर्गा की होली पूतना चित्रण किया गया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष विकास गुप्ता रॉकी, राजकुमार बंसल, कृष्ण कुमार गर्ग रामदीन, बृजेश कौशिक, सुधीर अग्रवाल, नितिन बंसल, विश्वास गुप्ता, शुभम बंसल, प्रतीक अग्रवाल, सचिन बंसल, सरदार अच्छन सिंह लोहिया, अनिल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, सुबोध गुप्ता डा. भूपेंद्र तोमर, विमल अग्रवाल, विपुल तायल, विभोर मित्तल, आयुष गुप्ता, अर्पित भटनागर, अनुराग अग्रवाल, मनमोहन गुप्ता, आशु गोयल आदि मौजूद रहे।



कलाकारों ने दर्शकों की वाहवाही लूटी

धनुष-यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन

नांगल सोती (चिंगारी)। गत रात्रि स्थानीय कलाकारों द्वारा नांगल सोती में धनुष यज्ञ (सीता-स्वयंवर) एवं परशुराम-लक्ष्मण संवाद की रामलीला तथा शहजादपुर में कोपभवन प्रसंग की रामलीला का जीवंत एवं मनोहारी मंचन किया गया।

नांगल सोती में स्थानीय कलाकारों ने धनुष यज्ञ की लीला का मनमोहक एवं जीवंत मंचन कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। जैसे ही श्रीराम पिनाक पर प्रत्यंचा चढ़ाकर उसे खींचते हैं, विशाल धनुष टूटकर दो टुकड़ों में बंट जाता है। दर्शक जय श्रीराम के जयकारे लगाने लगते हैं। माता सीता आगे बढ़कर श्रीराम के गले में वरमाला डालती हैं। वातावरण माता सीता और प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठता है। धनुष टूटने पर भगवान परशुराम अत्यन्त क्रोध में वहां पहुंचते हैं और पूछते हैं कि यह दुस्साहस किसने किया है? भगवान परशुराम और वीरवर लक्ष्मण के बीच तीखी बहस होती है। अंततः प्रभु श्रीराम के दिव्य स्वरूप और विनम्रता को देखकर परशुराम का क्रोध शांत होता है। श्रीराम का अभिनय जितेन्द्र पाल ने, रावण का अभिनय मनोज शर्मा ने, लक्ष्मण का अभिनय रमन जोशी ने, बाणासुर का अभिनय अंकित जोशी ने, भगवान परशुराम का अभिनय अवनीश जोशी ने किया। स्टेज डायरेक्टर जनेशपाल सिंह के दिशा-निर्देशन में कलाकारों ने शानदार अभिनय से दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

शहजादपुर में गत रात्रि रानी कैकेयी-राजा दशरथ संवाद (कोपभवन प्रसंग) की रामलीला का मंचन किया गया। श्रीराम का अभिनय हिमांशु ने , राजा दशरथ का अभिनय रामकुमार शर्मा ने तथा महर्षि वशिष्ठ का अभिनय रतिराम सैनी ने किया। स्टेज डायरेक्टर संतराम सिंह के दिशा - निर्देशन में कलाकारों ने मनमोहक अभिनय किया। संतराम सिंह खुद भी रावण का अभिनय करते हैं।


रामलीला में पिनाक धनुष तोड़ते प्रभु श्रीराम

पुलिस अधिकारियों ने चांदपुर में की पैदल गश्त

सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया



एसपी का स्वागत करते हुए नगर के व्यापारी।

चांदपुर (चिंगारी)। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी चांदपुर, थाना चांदपुर पुलिस एवं मिशन शक्ति टीम के साथ कस्बा चांदपुर में फुट पेट्रोलिंग एवं एरिया डोमिनेशन एक्सरसाइज की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने व्यापार मंडल एवं सर्राफा मंडल के पदाधिकारियों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर लोगों ने पुलिस अधीक्षक पर पुष्प वर्षा कर व फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी पुलिसिंग को मजबूत करते हुए आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहले पुलिस चौकी, फिर थाना एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय तथा आवश्यकता पड़ने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में संपर्क करें। आगामी त्यौहारों को शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाएं तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

आधारशिला स्कूल में स्पोर्ट्स एकेडमी का शुभारंभ



चांदपुर (चिंगारी)। आधारशिला द स्कूल में आधारशिला स्पोर्ट्स एकेडमी का शुभारंभ मुख्य अतिथि विवेक विश्वविद्यालय, बिजनौर के कुलाधिपति एवं जिला तीरंदाजी संघ के संरक्षक अमित गोयल ने किया।

इस एकेडमी में वर्तमान में तीरंदाजी और कबड्डी इन दो खेलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। तीरंदाजी के लिए प्रशिक्षित कोच कृतिका राजपूत एवं कबड्डी के लिए प्रशिक्षित कोच गौरव चौधरी के कुशल मार्गदर्शन में बच्चे तीरंदाजी एवं कबड्डी का अभ्यास करेंगे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने तीरंदाजी का अभ्यास किया। कबड्डी में स्कूल की विवेक टीम और अविरल टीम ने उद्घाटन सत्र में प्रतिभाग किया एवं अविरल टीम विजयी घोषित की गई।

विद्यालय के वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक अरुण कुमार नागर एवं सुंदरपाल सिंह के कुशल निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि अमित गोयल ने आधारशिला द स्कूल के इस प्रयास की खुले दिल से प्रशंसा की एवं बच्चों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल ने भी सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं भविष्य की आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक विवेक कर्णवाल एवं एकता कर्णवाल, भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, सेवा सिंह, चौ. वीरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्या अनीता शर्मा, उपप्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी, स्कूल कोऑर्डिनेटर बबीता त्यागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष चतुर्भुज पाण्डेय ने किया।

नवरात्रों की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं!



अब हर ट्रिप में दूध की ज़्यादा कैन ले जाएँ और बड़ा मुनाफ़ा कमाएँ

अब आपकी बारी है नयी Tata Ace Pro EV के साथ अपने बिज़नेस को आगे बढ़ाने की। इसमें 750 Kg की पेलोड क्षमता, 155+ km की रेंज और अपनी श्रेणी में सबसे बेहतरीन आराम और सुरक्षा मिलती है साथ ही मिलता है टाटा का अटूट भरोसा

Range of 155 km per Charge
750 kg Payload
Compliance to AIS-096 Safety Norms*
8* Year Battery Warranty

CNS MOTORS
8484932387
BIJNOR | AMROHA | DHAMPUR | NAJIBABAD

सड़क पर उड़ रही धूल, ठेकेदार सुधारे भूल

चांदपुर (चिंगारी)। निर्माणाधीन सड़क पर बेतहाशा धूल उड़ने के कारण बास्टा रोड के दुकानदारों को सांस लेना मुश्किल हो रहा है। दुकानदारों ने सड़क निर्माण कराने वाले ठेकेदार से धूल उड़ने से रोकने के लिए दिन में कम से कम दो बार सुबह-शाम पानी का छिड़काव कराये जाने की मांग की। बास्टा रोड के दुकानदारों अनीस कुरैशी, नफीस अहमद आदि ने बताया कि वर्तमान में चांदपुर-बास्टा रोड का निर्माण कार्य कराया जा रहा। इस मार्ग पर वाहनों के गुजरने से बेतहाशा धूल उड़ रही है, जिसके कारण दुकानदारों को अपनी दुकानों पर बैठकर कारोबार करना मुश्किल हो रहा है। दुकानदारों का कहना था कि यदि धूल इसी तरह से उड़ती रही, तो दुकानदार बीमारी की चपेट में आ जाएंगे। दुकानदारों ने सड़क निर्माण कराने वाले ठेकेदार से धूल की रोकथाम के लिए दिन में कम से कम दो बार सुबह व शाम को सड़क पर पानी का छिड़काव कराये जाने की मांग की।

वर्धमान कॉलेज में क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए मुख्य अतिथि श्री के.के. शर्मा, साथ में प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना।

बिजनौर (चिंगारी)। वर्धमान कॉलेज, बिजनौर के खेल मैदान में वर्धमान क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में चतुर्थ राजेन्द्र कुमार जगत प्रकाश मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (अंडर-14 बालक वर्ग) का शुभारंभ हुआ।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीसीसीआई लेवल क्रिकेट कोच एवं पूर्व रणजी खिलाड़ी श्री के.के. शर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास करते हैं।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में क्रीड़ा समिति के प्रभारी प्रो. जे.के. विश्वकर्मा एवं समन्वयक डॉ. जयदीप शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला प्रियंका क्रिकेट अकादमी, धामपुर एवं वर्धमान क्रिकेट अकादमी, बिजनौर के बीच खेला गया। प्रियंका क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 70 रन बनाए। जवाब में वर्धमान क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 16.3 ओवरों में 4 विकेट खोकर 72 रन बनाए और मुकाबला 6 विकेट से जीत लिया।

वर्धमान क्रिकेट अकादमी की ओर से शुभ आर्य ने उत्कृष्ट गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 11 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। वहीं, बल्लेबाजी में समर्थ सिंह ने सर्वाधिक 21 रन बनाकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैच में अंपायर की भूमिका मोंटी एवं गुलफाम अहमद ने निभाई, जबकि स्कोरर के रूप में हिमांशु एवं अनामिका ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।

इनकी उपस्थिति खास रही

इस अवसर पर प्रो. सुनील अग्रवाल, प्रो. शशिप्रभा, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. राजेश यादव, प्रो. देवेन्द्र गंगवार, डॉ. रेणु चौहान, डॉ. अंशु चौधरी, श्री अचिंत्य कुमार, श्री यश चौहान, असिस्टेंट प्रोफेसर ओ.पी. सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर सोनल शुक्ला, असिस्टेंट प्रोफेसर कुलदीप, असिस्टेंट प्रोफेसर पारुल, वर्धमान क्रिकेट अकादमी के कोच मोहसिन खान, मैनेजर रजत शर्मा तथा ग्राउंड्समैन बिशन एवं राजू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन डा. चारुदत्त आर्य द्वारा किया गया।

जमालुद्दीनपुर तिहरा हत्याकांड : पीड़ित परिवारों को 6-6 लाख मुआवजा मिलेगा!

दो दिन में आरोपियों को जेल भेजने का अल्टीमेटम

जलीलपुर (चिंगारी)। थाना चांदपुर क्षेत्र के गांव जमालुद्दीनपुर में अंडे की उधारी के पैसे मांगने को लेकर हुए विवाद में तीन लोगों की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत के मामले में पीड़ित परिवारों को सांत्वना देने के लिए प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप गांव पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और परिवारों को हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया।

मंत्री के गांव पहुंचने पर पीड़ित परिवारों ने उनके सामने अपनी पीड़ा रखी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान राज्यमंत्री ने मृतक परिवारों को 6-6 लाख रुपये मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही मृतकों के आश्रितों को एक-एक सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा भी दिया,



ताकि इस दुखद घटना से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहारा मिल सके।

राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने पुलिस प्रशासन को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सभी दोषियों को दो दिन के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि निर्धारित समय के भीतर आरोपियों को पकड़कर जेल नहीं भेजा गया तो संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मामले में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए गंभीरता से कार्रवाई करने की बात कही।

गौरतलब है कि 7 अक्टूबर को गांव जमालुद्दीनपुर में अंडे की उधारी के पैसे मांगने को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि इस विवाद के दौरान ट्रैक्टर से कुचलकर तीन लोगों की जान चली गई। घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। मृतकों के परिजनों ने मामले में छह लोगों के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना-पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी।

बुलडोजर चलाने की मांग

मुलाकात के दौरान मृतकों के परिजनों ने आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर चलाने की मांग भी राज्यमंत्री के सामने रखी। परिजनों का कहना था कि घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके। परिवारों ने आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी और आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठाई।

जिला बदर अभियुक्त मनीष उर्फ टोनी गिरफ़्तार

कोतवाली देहात पुलिस की बड़ी कार्रवाई

कोतवाली देहात (चिंगारी)। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने जिलाबदर अभियुक्त मनीष उर्फ टोनी पुत्र पुष्पेंद्र सिंह निवासी ग्राम शादीपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के खिलाफ उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना कोतवाली देहात पुलिस मुखबिर की सूचना पर चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान जनपद की सीमा में जिलाबदर अभियुक्त मनीष उर्फ टोनी के पाए जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में थाना कोतवाली देहात पर मु.अ.सं. 248/2026, धारा 10 उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। टोनी के खिलाफ विभिन्न मामलों में पहले भी मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, इन मुकदमों में भारतीय दंड संहिता तथा भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराएं शामिल हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विपिन कुमार, अखिल चौधरी और कांस्टेबल शिवम त्यागी शामिल रहे।

नवरात्रों की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं!

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए

लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।

हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

बुलेट के सामने आ गई गाय युवक बेहोश हुआ हाय

नांगल सोती (चिंगारी)। सड़क पर दौड़ रही निराश्रित गाय से टकराकर बुलेट बाइक का चालक घायल होकर बेहोश हो गया। पुलिस ने उसे मंडावली के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक कल शाम लगभग 7 बजे एक निराश्रित गाय नांगल-मंडावली मार्ग पर दौड़ती हुई जा रही थी। ग्राम अभिपुरा स्थित पेट्रोल पम्प के पास सड़क पर दौड़ रही गाय अचानक नांगल की ओर से जा रही बुलेट बाइक के सामने आ गई। गाय से टकराकर बुलेट चालक नीचे गिर गया और बेहोश हो गया। उसे काफी देर बाद होश आया। उसके हाथ, पैर व मुंह पर चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे प्राइवेट एम्बुलेंस द्वारा मंडावली के एक अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के उपरांत उसकी हालत में सुधार हुआ। बुलेट चालक ने अपना नाम रोहित पुत्र मुनेश निवासी आदर्शनगर, नजीबाबाद बताया। बाद में उसकी पत्नी उसे घर ले गई। सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गौवंश दुपहिया वाहन सवारों के लिये अक्सर दुर्घटनाओं का सबब बन रहे हैं। शासन-प्रशासन के तमाम प्रयासों के बावजूद गांवों में, सड़कों पर घूम रहे निराश्रित गौवंश की समस्या समाप्त होने का नाम नहीं ले रही है।

स्तन में हर गांठ कैंसर नहीं, समय पर जांच जरूरी : डॉ. संगीता यादव

बिजनौर मेडिकल कॉलेज में हर बृहस्पतिवार ओपीडी नंबर 120 में महिलाओं को नि:शुल्क परामर्श और इलाज की सुविधा उपलब्ध

बिजनौर (चिंगारी)। स्तन में गांठ होने का मतलब कैंसर नहीं है, लेकिन इसकी अनदेखी करना खतरनाक हो सकता है। महिलाओं को शर्म और संकोच छोड़कर समय पर जांच करानी चाहिए। यह कहना है बिजनौर मेडिकल कॉलेज के जनरल सर्जरी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. संगीता यादव का।



डॉ. संगीता यादव

डॉ. संगीता यादव के अनुसार, स्तन में होने वाली कई गांठें गैर-कैंसरयुक्त होती हैं। इनमें फाइब्रोएडीनोमा भी शामिल है, जो युवतियों में अधिक पाया जाता है। गांठ की सही पहचान के लिए चिकित्सकीय परीक्षण और जरूरत पड़ने पर अल्ट्रासाउंड सहित अन्य जांच जरूरी हैं। हर गांठ में ऑपरेशन की आवश्यकता नहीं होती, उपचार का निर्णय जांच रिपोर्ट और गांठ की स्थिति के आधार पर लिया जाता है।

महिलाओं की सुविधा के लिए मेडिकल कॉलेज में प्रत्येक बृहस्पतिवार कमरा नंबर 120 में डॉ. संगीता यादव से नि:शुल्क परामर्श और इलाज की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि स्तन में कोई नई गांठ महसूस होने पर उसे छिपाने के बजाय तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें, क्योंकि समय पर जांच से सही निदान और उपचार में मदद मिलती है।

ऐतिहासिक होगी 21 अक्टूबर की महापंचायत : बाबूराम तोमर



बिजनौर (चिंगारी)। किसान-मज़दूरो पर गुलदार के हमले और बिजली विभाग द्वारा जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में 21 अक्टूबर को नुमाइश ग्राउंड बिजनौर में होने वाली किसान मज़दूर महापंचायत को सफल बनाने के लिए भाकियू नेताओं ने ताकत झोंक दी है। महापंचायत के मुख्य अतिथि भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत होंगे।

जनपद में गुलदार के हमलों को रोकने में नाकाम वन विभाग, बिजली विभाग द्वारा जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध एवं गन्ना मूल्य वृद्धि कराने के लिए सरकार पर दबाव बनाने सहित किसान मजदूरों की अनेक समस्याओं को उठाकर उनका समाधान कराने के लिए 21 अक्टूबर को नुमाइश ग्राउंड बिजनौर में एक किसान मजदूर महापंचायत होनी तय हुई है महापंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में किसानों के अंतरराष्ट्रीय नेता एवं भाकियू राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत भी पहुंच रहे हैं।

महापंचायत को सफल बनाने के लिए भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने जिला उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह की अध्यक्षता एवं मण्डल प्रवक्ता आदिल जैदी एवं ब्लॉक महासचिव विपिन कुमार के संचालन में ग्राम मदनपुर, मुगल बेहडा, खटाई, किठौड़ा, दुधली, जीवन सराय, टाकली आदि कई गावों में किसानों की नुक्कड़ पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में हजारों गुलदार विचरण कर रहे है जिसके तहत पिछले 3 सालों में सैकड़ों किसान मजदूरो को गुलदार ने निवाला बना लिया है लेकिन वन विभाग के पास गुलदार के हमलों की विकराल समस्या का कोई समाधान नहीं है। किसान अपने और अपने घर पल रहे जानवरों के भरण पोषण के लिए रोज खेत में अपनी जान हथेली पर रखकर काम करने जाता है परंतु वह घर वापसी लौटे इनकी कोई गारंटी नहीं हैं।

सूचना

मैंने अपने पुत्र का नाम अग्रिम चौधरी से बदलकर अग्रिम साल्यान रख दिया है। अत: अब मेरे पुत्र को अग्रिम साल्यान के नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाये।

-मनदीप कुमार सिंह पुत्र रणवीर सिंह निवासी चंद्रलोक कॉलोनी आदर्श नगर, निकट सेंट मैरी स्कूल, बिजनौर



भव्य-दिव्य रंगोली बनायी अतिथियों के मन को भायी

नहटौर (चिंगारी)। आकू ब्लॉक परिसर में सेवा संकल्प अभियान के आयोजित 'सेवा के रंग राष्ट्र के संग' कार्यक्रम में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य एवं दिव्य रंगोली बनायीं गई। जिसका विधायक ओमकुमार सहित अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया।। बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में रंगोली के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, सेवा, समर्पण एवं राष्ट्रीय चेतना का सुंदर संदेश प्रस्तुत किया गया। रंगोलियों की आकर्षक एवं मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, शोभित त्यागी, डॉ उर्मिला पाल, एडीओ पंचायत मनोज कुमार, कुणाल सिंह, चमन दहिया, अंकज, राकेश सैनी आदि उपस्थित रहें।

जीआईसी सौली में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ त्रिदिवसीय नामिका निरीक्षण हो गया समाप्त

कोटद्वार (चिंगारी)। विकासखंड जयहरीखाल के अंतर्गत राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज सौली में तीन दिवसीय नामिका निरीक्षण विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हो गया है। मुख्य शिक्षा अधिकारी पौड़ी गढ़वाल के द्वारा नामित नामिका निरीक्षण दल की प्रभारी राबाइंका लैंसडौन की प्रधानाचार्या कुमुद थपलियाल के नेतृत्व में राइंका लैंसडौन के प्रवक्ता डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद व राइंका धौलखेतखाल के प्रवक्ता प्रभु दयाल द्वारा निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षण कार्य की गुणवत्ता तथा विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का बारीकी से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान कक्षा कक्ष में शिक्षण व्यवस्था, शिक्षकों की पाठ योजना, शिक्षण सामग्री के उपयोग, विद्यार्थियों की सहभागिता तथा विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों का मूल्यांकन किया गया, साथ ही विद्यालय अभिलेखों एंव उपलब्ध शैक्षिक संसाधनों का अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान दल द्वारा विद्यालय एवं छात्र हित में सकारात्मक सुझाव दिये गये, ताकि छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर ढंग से मिल सके व छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज रावत ने विभाग व नामिका निरीक्षण दल का आभार प्रकट करते हुए कहा कि, इस प्रकार के निरीक्षण विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के मूल्यांकन, कमियों की पहचान और आवश्यक सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टॉफ, सेवित क्षेत्र के अभिभावक एवम जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बीरेंद्र कुमार डोबरियाल द्वारा किया गया।

शुगर मिल धामपुर के अधिकारियों ने किया ग्राम बिहारीपुर में गन्ने की फसल का निरीक्षण

शेरकोट (चिंगारी)। धामपुर शुगर मिल के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र के ग्राम बिहारीपुर में खेत में खड़ी गन्ने की फसल का निरीक्षण कर गन्ने की पैदावार बढ़ाने के उपाय बताए गए। बुधवार की दोपहर कृषि वैज्ञानिक डॉ. अवधेश कुमार के साथ मिल अधिकारियों की टीम कृषक जयवीर सिंह के खेतों पर पहुंची और फसल का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. अवधेश कुमार ने मौजूद कृषकों को गन्ना बीज, कीटनाशकों व गन्ने में लगने वाली बीमारियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कृषकों को शुगर मिल द्वारा दी जा रही प्रमाणित गन्ना प्रजाति CO 200016, COLK 16202 , COS 18231, CO17018 के बारे में जानकारी देते हुए इन प्रजातियों के बीज को अनुदान से प्राप्त कर खेतों में बुवाई करने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कृषकों से फसल के लिए भूमि की तैयार करते समय ट्राइकोडर्मा का प्रयोग करने और प्रमाणित कीट नाशकों ही लगाने के लिए प्रेरित किया। मिल अधिकारियों ने किसानों से शुगर मिल द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

जमानत एक नियम है, जेल एक अपवाद : गोस्वामी

मुरादाबाद (चिंगारी)। सीनियर एडवोकेट श्री पीके गोस्वामी ने कहा, 'भारतीय न्यायशास्त्र का मूल सिद्धांत है- जमानत एक नियम है, जबकि जेल एक अपवाद है।' श्री गोस्वामी दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की ओर से राष्ट्र के लिए मध्यस्थता-विवाद नहीं, संवाद-समाधान विषय पर आयोजित सेमिनार में बोल रहे थे। उल्लेखनीय है, वरिष्ठ वकीलों में बार अध्यक्ष आनन्द मोहन गुप्ता और महासचिव कपिल गुप्ता के अलावा केवल पीके गोस्वामी को ही सेमिनार को एड्रेस करने का मौका मिला। बार हाल में आयोजित सेमिनार में दीगर न्यायालयों के न्यायाधीशों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। लारा कोर्ट के न्यायाधीश श्री जियागमुद्दीन, एडीजे 11 श्री घनेन्द्र कुमार, डीएलएसए सेक्रेट्री श्रीमती तपस्या त्रिपाठी, सिविल जज श्रीमती निमिषा गुप्ता ने भी सेमिनार में अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। श्री गोस्वामी ने सुप्रीम कोर्ट के सतेंद्र कुमार अंतिल बनाम सीबीआई, अर्नेश कुमार वर्सेज स्टेट ऑफ बिहार, सिद्धार्थ बनाम स्टेट ऑफ यूपी आदि केसों को उद्धृत करते हुए कहा, सतेंद्र अंतिल का निर्णय व्यक्तिगत आज़ादी और मानवीय गरिमा को मजबूत करता है। यह अति महत्वपूर्ण फैसला यह संदेश देता है, पुलिस और अदालतों को बिना वैध कारणों के नागरिकों को जेल नहीं भेजना चाहिए। सेमिनार में सीनियर एडवोकेट्स में अभिषेक भटनागर, अनिल भारती, आदेश श्रीवास्तव, महेश त्यागी, संजीव राघव की भी मौजूदगी रही। अध्यक्षता आनंद मोहन गुप्ता ने की, संचालन का निर्वहन कपिल गुप्ता ने किया।



खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया



नहटौर के अखेड़ा संकुल में स्थान पाने वाले खिलाड़ी।

नहटौर (चिंगारी)। परिषदिय विद्यालयों के अंतर्गत न्याय पंचायत अखेड़ा की खेल प्रतियोगिता का आयोजन कंपोजिट विद्यालय साहनपुर नवादा में हुआ। खेलों का शुभारंभ प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष सुधाराज सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुधाराज सिंह ने कहा कि खेल से सिर्फ शारीरिक विकास ही नहीं होता बल्कि खेल से सरकारी नौकरी भी मिलती है। वर्तमान में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सरकारों के द्वारा प्रोत्साहन राशि देने के साथ-साथ योग्यता के अनुसार सरकारी विभागों में नौकरी भी दी जा रही है। खेल प्रतियोगिताओं में न्याय पंचायत के अंतर्गत आने वाले लगभग 15 परिषदीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। स्थान पाने वाले खिलाड़ी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। संचालन सूरजमल द्वारा किया गया। बैठक में सुधीर कुमार, शेर सिंह, भोपाल सिंह, रूबी कुमारी, बीना देवी, दिग्विजय सिंह, अमित कुमार आदि सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

गन्ने की फसल तैयार बारिश हुई मूसलाधार

धामपुर (चिंगारी)। आज पूर्वाहन 11 बजे से नगर में तेज हवा के साथ मुसलाधार बारिश पडने से मौसम में ठंड बढ़ गई। वर्षा के कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई है। उनका कहना है कि गन्ने की फसल तैयार खड़ी है, इंतजार है तो बस शुगर मिल शुरू होने का। ऐसे में यदि वर्षा अधिक हो गई तो गन्ने की फसल खराब होने की संभावना बढ़ जाएगी। वर्षा होते ही मार्केट में व्यापारी हाथ पैर हाथ डरे बैठे रहे।

बरकातपुर शुगर मिल में हुआ बॉयलर पूजन

पेराई सत्र एक नवम्बर से शुरू हो जायेगा



बॉयलर में अग्नि प्रज्वलित करते नरपत सिंह एवं अतेन्द्र शर्मा।

नांगल सोती (चिंगारी)। उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर में आज विधि-विधान पूर्वक बॉयलर पूजन किया गया। यूनिट हेड नरपत सिंह राठौर सहित अन्य मिल अधिकारियों ने बॉयलर में हवन की पवित्र अग्नि प्रज्वलित करके बॉयलर को चालू किया।

इससे पूर्व पं. राजेन्द्र प्रसाद ने बॉयलर हाउस में यज्ञ-हवन कराया। मुख्य यजमान चीनी मिल के संयुक्त अध्यक्ष एवं यूनिट हेड नरपत सिंह राठौर रहे। मिल अधिकारियों, कर्मचारियों ने हवन में आहुतियां देकर विधि -विधान से पूजा की। यज्ञ सम्पन्न होने के उपरांत नरपत सिंह राठौर एवं अन्य मिल अधिकारियों ने बॉयलर में हवन की पवित्र अग्नि प्रज्वलित की।

यूनिट हेड नरपत सिंह राठौर ने बताया कि चीनी मिल एक नवम्बर को पेराई सत्र का श्रीगणेश करेगी। उन्होंने किसानों का आहवान किया कि कोल्हू-क्रेशर पर गन्ना डालकर आर्थिक नुकसान न उठायें। आपूर्ति योग्य समस्त गन्ना चीनी मिल को ही आपूर्ति करें और अपना बेसिक कोटा बनाये/बचाये रखें। उन्होंने रोग रहित एवं उत्तम वैरायटी की गन्ना प्रजातियों की ही बुवाई करने की सलाह दी।



यज्ञ-हवन करते मुख्य यजमान नरपत सिंह तथा अन्य मिल अधिकारी

मुख्य महाप्रबंधक (अभियंत्रण) अतेन्द्र शर्मा ने परमपिता परमेश्वर से आगामी पेराई सत्र के निर्विघ्न एवं सुचारू संचालन की प्रार्थना करते हुए समस्त कृषकों एवं क्षेत्रवासियों से पूर्ववत सहयोग करने की अपील की। महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर ने कृषकों से विगत वर्षों की भांति आगामी पेराई में भी मिल को ताजा, साफ-सुथरा एवं जड़-पत्ती, अगौला रहित गन्ना आपूर्ति करने की अपील की।

वाइस प्रेसिडेंट (डिस्टलरी) जेपी त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (गन्ना) कुलदीप सिंह, महाप्रबंधक (विद्युत) अनिल शर्मा, एचआर हेड अर्जुन कौशिक, अकाउंट हेड अखिलेश गुप्ता, गन्ना प्रबंधक (गन्ना विकास) चांदवीर सिंह, डा. यशवीर सिंह, अजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

हलचल ग्रुप ने आयोजित किया प्रोग्राम

किशोर कुमार के गीतों से सजी शाम



निकाय संघ के जिलाध्यक्ष शाहनवाज का स्वागत करते समिति के पदाधिकारी।

नगीना (चिंगारी)। महान गायक और अभिनेता स्व. किशोर कुमार की 39वीं पुण्यतिथि पर हलचल म्यूजिकल ग्रुप की ओर से काशीनाथ मेमोरियल हॉल में 'आये तुम याद मुझे' शीर्षक से संगीतमय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने किशोर कुमार के सदाबहार गीत सुनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शीतल कुमारी और हलचल सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ.अंजू बिश्नोई ने किशोर कुमार के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद कलाकार अमन कुमार, ईश्वर, विशाल सैनी, इकबाल, रईस, केके बिश्नोई, इरफान, जाकिर और शहनवाज ने किशोर कुमार के गीत प्रस्तुत किए। ग्रुप के निर्देशक सुशील गुप्ता और विशाल गुप्ता एडवोकेट की प्रस्तुतियों को भी श्रोताओं ने खूब सराहा। डॉ. अंजू बिश्नोई की कविता को भी भरपूर सराहना मिली। इस मौके पर समाजसेवी शेख शाहनवाज खलील, सरफराज अंसारी, शायर डॉ. आलमगीर काजमी आदि मौजूद रहे।

आशीष शर्मा व रामवीर सिंह ने किया रामलीला के मंचन का शुभारंभ

शेरकोट (चिंगारी)। नगर के मुहल्ला समना सराय स्थित शिव मंदिर में चल रही रामलीला में बुधवार की रात आयोजित हुए कैकेयी के तीन वरदान और श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास पर जाने के प्रसंग के मार्मिक मंचन का शुभारंभ धामपुर शुगर मिल के एमडी आशीष शर्मा और गन्ना विकास सोसाइटी के चेयरमैन मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर आशीष शर्मा और रामवीर सिंह ने कहा कि प्रभु राम का जीवन सत्य, त्याग, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा रामलीला के पात्रों और प्रसंगों से हमें आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है।



फीता काटकर रामलीला मंचन का शुभारंभ करते धामपुर शुगर मिल के एमडी आशीष शर्मा और गन्ना विकास सोसाइटी के चेयरमैन मोहन सिंह उर्फ रामवीर सिंह ।

उन्होंने रामचंद्र जी के आदर्शों को अपनाकर जीवन व्यतीत करने और समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर कमेटी के पदाधिकारियों ने अतिथियों का पगड़ी बांधकर और पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर अमिष रस्तौगी, सुमित वर्मा, नाजिम मलिक, अंकित कुमार, करन सिंह, जितेंद्र कुमार, हरिश्चंद्र, मोनू त्यागी, सुरेश पाल आदि उपस्थित रहे। संचालन गन्ना विकास सोसाइटी के डायरेक्टर रणजीत सिंह ने किया

होटल एण्ड रेस्टोरेंट मालिकों को फूड सेफ्टी हेतु जागरुक किया



बिजनौर (चिंगारी)। आज, गुरुवार को होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन और खाद्य विभाग के अधिकारियों के तत्वावधान में एक फूड सेफ्टी जागरूकता अभियान में नियमों के विषय में सभी को जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी नादिर अली, नगर पालिका खाद्य निरीक्षक बिजनौर अमित सिंह और खाद्य सुरक्षा निरीक्षक नरेश कुमार (चांदपुर) और खाद्य सुरक्षा निरीक्षक श्रीमती रेणु सिंह (धामपुर), होटल एंड रेस्टोरेंट के अध्यक्ष- नवनीत मलिक और पंकज चौधरी (सचिव), विनय चौहान (भूतपूर्व अध्यक्ष), संजय खन्ना (कोषाध्यक्ष), सुनील कुमार, सोनम फोम्बो, सोनू बिष्ट, रवि मेहंदीरत्ता, राजू मेहंदीरत्ता, धनानंद जोशी, प्रशांत कुमार गुर्जर, मनोज आर्य, राजीव चौहान, नितिन सैनी, राजू अग्रवाल, राजीव चौहान (सिद्दी रॉयल कैसल) आदि उपस्थित रहे। सलभ जैन के संचालन में हॉट एंड स्पाइसी रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ।

किशनपुर आंवला में अवनीश अग्रवाल टांडे वाले ने किया रामलीला का शुभारंभ



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत किशनपुर आंवला में आयोजित रामलीला कार्यक्रम का अवनीश अग्रवाल टांडे वाले ने फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर अवनीश अग्रवाल ने उपस्थित ग्रामवासियों से संवाद कर सामाजिक आयोजनों में सहभागिता करते हुए लोगों के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। रामलीला के शुभारंभ के अवसर पर गांव में उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर अवनीश अग्रवाल ने कहा रामलीला भारतीय संस्कृति व धार्मिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों, मर्यादा, सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। ग्रामीण क्षेत्रों में रामलीला का आयोजन धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता व आपसी भाईचारे को मजबूत करने का भी माध्यम बनता है। कार्यक्रम में रामावतार, खंड संयोजक विक्रम सिंह, पूर्व प्रधान मनोज कुमार, कमेटी अध्यक्ष विवेक चौहान, रणवीर सिंह निराला, धर्मेंद्र सिंह, दिलीप प्रधान, सरदार हरदेव सिंह, संजीव कुमार, हेमंत पांडे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

शुक्रवार, 16 अक्टूबर 2026

मेष- आज दिन 6/48 बजे तक असफलता, भाग्योन्नति का मार्ग अवरुद्ध, धर्म में अरुचि, यात्रा में हानि, शेष समय में आर्थिक समस्या का निवारण, धनागम भी।

वृषभ- आज दिन 6/48 बजे तक समय शुभ, अधूरे कार्यों की पूर्ति, विवाद का निर्णय पक्ष में, यात्रा का प्रसंग, शेष समय में दिनचर्या अव्यवस्थित, स्वास्थ्य में शिथिलता।

मिथुन- विचाराधीन योजना का मूर्तरूप में परिणित, कठिनाइयों के निराकरण हेतु नवप्रयास सार्थक, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोविनोद के अवसर।

कर्क- स्वास्थ्य सुधार पर, मन प्रसन्न, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण घटना घटित, घरेलू वातावरण सुखद, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आपसी सद्भाव।

सिंह- आज दिन 6/48 बजे तक स्वास्थ्य में शिथिलता, प्रगति में व्यवधान, यात्रा असफल, शेष समय में कठिनाइयों की निवृत्ति, अकल्पित लाभ, अधूरी योजना कार्यान्वित।

कन्या- आज दिन 6/48 बजे तक भाग्योन्नति, आरोग्य सुख, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, शेष समय प्रतिकूल, व्यय की अधिकता, कार्य व्यवसाय में निराशा, धन हानि संभव।

तुला- कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर, परोपकार की भावना जागृत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, नवसम्पर्क से मसले हल, बकाए धन की वसूली।

वृश्चिक-विचारित कार्यों में प्रगति का सिलसिला, आपसी सलाह से कामयाबी, प्रतियोगिता में सफलता, विशिष्टजनों से अनुकूलता, पारस्परिक सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता।

धनु- आज दिन 6/48 बजे तक ग्रहयोग विपरीत, समस्याओं से मन अशांत, शंका-कुशंका प्रभावी, वाहन से भय, शेष समय में सफलता, अधूरे कार्यों की पूर्ति।

मकर- आज दिन 6/48 बजे तक शुभ, व्यक्तित्व का विकास, आर्थिक उन्नति, मानसिक प्रसन्नता, शेष समय में साझेदारी के व्यापार में हानि, मित्रों से अवरोध।

कुम्भ- जटिल समस्या के समाधान में स्वजन सहायक, सहयोगियों की गतिविधियों से खुशी, वाद-विवाद में कमी, धार्मिक स्थलों की यात्रा से आनन्द की अनुभूति।

मीन- विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, लाभ भी।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722**

ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक टकराई एक युवक ने जान गंवाई

नगीना (चिंगारी)। नगीना-अकबराबाद मार्ग पर ग्राम अलीपुरा जट के पास बुधवार रात करीब सात बजे सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार करीब 18 वर्षीय रिहान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 17 वर्षीय कलीम और 18 वर्षीय आरिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को बिजनौर रैफर किया गया।

पुलिस के अनुसार, तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव से दूसरे गांव की ओर जा रहे थे। अंधेरा होने के कारण बाइक सवार सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली को देख नहीं पाए और उनकी बाइक उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रिहान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कलीम और आरिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए भिजवाया। सीओ राजेश सोलंकी ने बताया कि हादसे में एक युवक की मौत हुई है और दो घायल हुए हैं।

धनौरा रोड पर दुर्घटना में युवक घायल

चांदपुर (चिंगारी)। चांदपुर-धनौरा रोड पर ग्राम रामपुर नजराना के पास अज्ञात वाहन द्वारा मोटरसाइकिल साइकिल में टक्कर मार दिये जाने से मोटरसाइकिल सवार रोहित पुत्र अनिल कुमार निवासी ग्राम मिडिया खेड़ा गम्भीर रूप से घायल हो गया। शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह ने अजय भटनागर आदि के सहयोग से दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल रोहित को उपचार के लिए जगमीत हास्पिटल में पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बिजनौर रैफर कर दिया गया।

इंस्पेक्टर बने रवि नैन खुश हुए उनके फैन



बिजनौर (चिंगारी)। बिजनौर में यातायात प्रभारी के रूप में कार्यरत उपनिरीक्षक रवि नैन की पदोन्नति निरीक्षक पद पर हुई है। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गौतम राय ने उनके कंधों पर स्टार लगाकर नई रैंक प्रदान की। कार्यक्रम में एसपी ने रवि नैन को माला पहनाकर बधाई दी। उन्होंने पदोन्नति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके बेहतर कार्यकाल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रवि नैन वर्तमान में जिले की यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यातायात नियमों का पालन कराने और आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए वे कार्य कर रहे हैं। निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिलने पर उन्हें बधाइयां दी गईं।

राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में दम दिखाएंगे नजीबाबाद के आयुष्मान व तरुण

नजीबाबाद (चिंगारी)। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की अंडर-17 बालक-बालिका ताइक्वांडो चैम्पियनशिप का आयोजन 22 से 26 अक्टूबर 2026 तक श्रीनगर, (जम्मू-कश्मीर) में किया जाएगा। प्रतियोगिता में नजीबाबाद क्षेत्र के जीआईसी इंटर कॉलेज भागूवाला के आयुष्मान चौहान व राजकीय इंटर कॉलेज नजीबाबाद के तरुण प्रतिभाग करेंगे। दोनों खिलाड़ी नजीबाबाद ताइक्वांडो ट्रेनिंग अकादमी में मुख्य कोच रिंकू वर्मा के निर्देशन में कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। अकादमी के अध्यक्ष अधिराज राठी, समस्त कोच एवं अभिभावकों ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी को उम्मीद है कि दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नजीबाबाद व बिजनौर का नाम रोशन करेंगे।



सामूहिक नवरात्र साधना में मां दुर्गा का पूजन किया गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। शांतिकुंज जोनल कार्यालय गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में सामूहिक नवरात्र साधना में माँ दुर्गा का पूजन व दुर्गासप्तशती का पाठ किया गया। दुर्गा चालीसा एवं जय अम्बे गौरी आरती शंखनाद के साथ माँ दुर्गा का गायत्री साधकों ने षोडशोपचार पूजन किया। अखण्ड दीपक के समक्ष सवा लाख गायत्री महामंत्र जप अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने माँ दुर्गा का पूजन कराते हुए कहा कि निर्बलता सबसे बड़ा अभिशाप है। माँ दुर्गा शक्ति व संगठन की देवी हैं। नौ देवियों का नवरात्र साधना में पूजन किया जाता है। पूर्ण आहुति के बाद कन्या भोज किया जाता है। डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ से जुड़े लगभग सौ परिवार अखण्ड दीपक के समक्ष दुर्गा सामूहिक नवरात्रि साधना कर रहे हैं। इसी क्रम में गायत्री महामंत्र का सवालक्ष का अनुष्ठान सम्पन्न किया गया। जय अम्बे गौरी आरती एवं शंखनाद संकीर्तन ने वातावरण भक्तिमय कर दिया। गायत्री शक्तिपीठ अध्यक्ष कमल शर्मा, सचिव जितेन्द्र सिंह, ट्रस्टीगण कामेश शर्मा, सुमन वर्मा, पुष्पा शर्मा, सारिका अग्रवाल, रेखा चौहान, रिकी सिंह, प्रेमलता शर्मा, रीना सिंह, नीलम वरनवाल, हरीश शर्मा, राज भटनागर, एचपी गुप्ता, पुनीत, ओमपाल सिंह, दिनेश राजपूत आदि ने भागीदारी की।



अखिल भारतीय ओबीसी रेल कर्मचारी संगठन की नई कार्यकारिणी गठित

नजीबाबाद (चिंगारी)। अखिल भारतीय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन की नजीबाबाद शाखा की कार्यकारिणी का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया मुरादाबाद के मंडल मंत्री संजय कुमार यादव ने संपन्न कराई। यह चुनाव, चुनाव पर्यवेक्षक सुनील पाल की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया गया। चुनाव परिणाम में सर्वसम्मति से मौ. वसीम अंसारी को शाखा अध्यक्ष व दिलीप कुमार को शाखा सचिव चुना गया। परिणाम की घोषणा के बाद सभी रेल कर्मचारियों व संगठन के सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंडल मंत्री संजय कुमार यादव ने संगठन की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि रेलवे कर्मचारियों के हितों की रक्षा, उनके अधिकारों व सामाजिक न्याय के लिए संगठन सदैव तत्पर रहेगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मौ. वसीम अंसारी व सचिव दिलीप कुमार ने शीर्ष नेतृत्व व सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। बैठक में नवनिर्वाचित पदाधिकारी नसीम अहमद, बिट्टू कश्यप, मुनीर अहमद, खुर्शीद अहमद, राजकुमार, भूपेन्द्र कुमार, सुभाष कुमार, विरेन्द्र कुमार, दीपा कश्यप सहित काफी संख्या में रेल कर्मचारी एवं सदस्य मौजूद रहे।



राजेश भारद्वाज एडवोकेट की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ

बलूनी स्पोर्ट्स एकेडमी ने जीता पहला मैच

कोटद्वार (चिंगारी)। एडवोकेट स्व. राजेश भारद्वाज स्मृति संस्था की ओर से बलूनी पब्लिक स्कूल स्थित स्पोर्टस काम्प्लैक्स में आठवीं स्व. एडवोकेट राजेश भारद्वाज स्मृति इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता आरंभ हो गई है। पहले मैच में बलूनी स्पोर्टस एकेडमी की टीम विजयी रही।

प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय क्रिकेटर व पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता सबा करीम, विशिष्ट अतिथि के रूप में शिखर धवन के बचपन के कोच मदन शर्मा और दा वन स्पोर्ट्स के डायरेक्टर जाग्रत आनंद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने छात्रों से खेलों में भी सक्रिय रूप से प्रतिभाग करने का आह्वान किया। वही संस्था की ओर से मुख्य अतिथि का बुके प्रदान कर स्वागत किया। तत्पश्चात प्रतियोगिता का पहला मैच बलूनी स्पोर्टस एकेडमी और एसजीआरआर लालपानी के बीच खेला गया। बलूनी स्पोर्टस एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 58 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एसजीआरआर लालपानी की टीम एकेडमी के लक्ष्य, नमन व अक्षित की गेंदबाजी के आगे 29 रनों पर ढेर हो गई और 29 रनों से मैच हार गई। लक्ष्य ने अपनी टीम के लिए 3 व नमन व अक्षित ने 2-2 विकेट लिए। दूसरे मैच में ज्ञान भारती ने 8 ओवरों में सात विकेट पर 52 रन बनाए। जवाब में वीके इंटरनेशनल ने 7.3 ओवरों में 8 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

इस मौके पर बलूनी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के एमडी विपिन बलूनी व बलूनी पब्लिक स्कूल व बलूनी क्लासेस कोटद्वार विंग की निदेशक अभिलाषा भारद्वाज सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



पूर्व क्रिकेटर सबा करीम का स्वागत करते हुए संस्था के पदाधिकारी।

नहीं हो रहा जनसमस्याओं का समाधान विरोध में उक्रांद ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

कोटद्वार (चिंगारी)। लैंसडौन विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसभाएं आयोजित कर ग्रामीणों को समस्याओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में रिखणीखाल शाखा की ओर से क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

लैंसडौन विधानसभा क्षेत्र में आयोजित की जनसभाएं

उक्रांद नेता मुकेश बिष्ट और संदीप रौतेला के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य का गठन पहाड़ के बेहतर विकास और स्थानीय लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया था, लेकिन आज भी पर्वतीय क्षेत्रों के लोग शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सुविधाओं के अभाव में लोगों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। रिखणीखाल-धुमाकोट क्षेत्र में बढ़ते वन्यजीवों के आतंक पर चिंता जताते हुए कहा गया कि जंगली जानवरों के हमलों से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। वन्यजीवों की बढ़ती सक्रियता के कारण ग्रामीणों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल होता जा रहा है। रात के समय जंगली जानवर ग्रामीणों के आंगन तक पहुंच रहे हैं, जिससे विशेष रूप से बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। उक्रांद नेताओं ने कहा कि क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर सरकार और संबंधित विभागों को गंभीरता से कदम उठाने चाहिए। उन्होंने बताया कि हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को एकत्रित कर ज्ञापन राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा। दल ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

मजबूत हो रहा कांग्रेस का 'हाथ' दूसरे दलों के कई नेता आये साथ

देहरादून (चिंगारी)। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह एवं प्रदेश चुनाव प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत की उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व तथा कांग्रेस पार्टी की रीति-नीतियों एवं सिद्धान्तों में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, चुनाव अभियान समिति अध्यक्ष प्रीतम सिंह एवं चुनाव प्रबंधन समिति अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत ने कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले सभी नेताओं का फूल मालाओं एवं कांग्रेस का पटका पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई तथा उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि देश की आजादी, लोकतंत्र, संविधान, सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता एवं सर्वधर्म समभाव की विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाला विशाल जनआन्दोलन है। चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी देशभर में लोकतंत्र, संविधान और आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए निरन्तर संघर्ष कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और जनहित के मुद्दों के प्रति लोगों का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। इसी का परिणाम है कि विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। प्रदेश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पलायन जैसे ज्वलन्त मुद्दों पर सरकार के पास कोई ठोस कार्ययोजना नहीं है।

डॉ. कपरवाण बने संविधान संशोधन समिति के अध्यक्ष

कोटद्वार (चिंगारी)। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुकरेती ने दल के संरक्षक डॉ. शक्तिशैल कपरवाण को दल की संविधान संशोधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह जानकारी देते हुए डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने बताया कि नए पद के अंतर्गत उन्हें केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष दल का संशोधित संविधान प्रस्तुत करने का दायित्व दिया गया है। इसके लिए प्रत्येक वर्ग के प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए 15 सदस्यीय समिति गठित की गई है।

कांग्रेस के आरोप दुर्भावना से प्रेरित, अंकिता प्रकरण में धामी सरकार ने उठाये हर स्तर पर क़दम -भट्ट

कहा-परिजनों की मांग पर बदले गए सरकारी अधिवक्ता, सीबीआई जांच की प्रक्रिया भी बढ़ी आगे

देहरादून (चिंगारी)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि अंकिता भंडारी प्रकरण में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने त्वरित कार्रवाई, निष्पक्ष जांच, प्रभावी अभियोजन और पीड़ित परिवार को सहायता उपलब्ध कराने के हर स्तर पर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। घटना सामने आने के बाद आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी से लेकर विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन, अभियोजन की व्यवस्था और परिवार की मांगों पर निर्णय लेने तक सरकार ने इस संवेदनशील प्रकरण को गंभीरता से लिया।



महेन्द्र भट्ट

कांग्रेस के आरोपों को दुर्भावना और राजनैतिक द्वेष से परिपूर्ण बताते हुए भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुरुआत से ही स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सरकार की प्राथमिकता है। इसी क्रम में पुलिस को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। घटना के सामने आने के 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रकरण की गहन जांच के लिए एसआईटी गठित की गई, ताकि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रकरण की जांच के दौरान साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपपत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में मामले की पैरवी की। आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की गई। मामले में न्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। यह फैसला न्यायालय द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और कानूनी प्रक्रिया के आधार पर दिया गया। श्री भट्ट ने कहा कि मामले मे सरकार ने संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए पीड़ित परिवार की भावनाओं और मांगों को भी महत्व दिया। परिजनों की मांग के अनुरूप सरकारी अधिवक्ताओं में बदलाव किए गए, ताकि वे अपनी बात और अपेक्षाएं न्यायिक प्रक्रिया के समक्ष रख सकें। इसके साथ ही अंकिता के माता-पिता द्वारा सीबीआई जांच की मांग उठाए जाने पर मुख्यमंत्री ने उनकी मांग पर निर्णय लेते हुए सीबीआई जांच की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।

मंदिर से निकाले गये पुराने पुजारियों की बहाली की मांग

कोटद्वार (चिंगारी)। सिद्धपीठ सुखरो देवी मंदिर की पुरानी समिति ने निकाले गए पुजारियों को बहाल करने की मांग की है। आरोप लगाया कि सात अक्टूबर को तहसील में धरना-प्रदर्शन कर मांगें उठाने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पुरानी समिति के संस्थापक सदस्य डॉ. चंद्रमोहन बड़थ्वाल और जगतराम जोशी ने बताया कि वर्तमान में मंदिर का संचालन जिस संस्था के लेटर हेड पर किया जा रहा है, उसका वर्ष 2017 के बाद पंजीकरण नहीं हुआ है। उन्होंने दावा किया कि पंजीकरण न होने पर सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम के तहत संस्था निष्क्रिय मानी जाती है। ऐसे में संस्था के लेटर हेड का इस्तेमाल कर मंदिर का संचालन करना नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि मंदिर समिति के पूर्व में हुए चुनाव को लेकर अधिवक्ता विनोद नौटियाल के माध्यम से नैनीताल हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिस पर नवंबर 2026 में सुनवाई होनी है। ऐसे में विवाद के निस्तारण से पहले वर्तमान मंदिर समिति की ओर से पुजारियों को हटाया जाना उचित नहीं है। कहा कि इस संबध में उनकी ओर से प्रशासन को भी ज्ञापन प्रेषित किए गए हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

चोरी की दो घटनाओं का खुलासा

चोरी के टिपलर सहित तीन गिरफ़्तार

शेरकोट (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम हरेवली से चोरी हुए टिपलर की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी हुआ टिपलर, घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर और 25 हजार की नकदी बरामद कर तीनों का चालान कर दिया।

गत 30 सितम्बर की रात ग्राम हरेवली निवासी राजकुमार का गांव के पास कोल्हू पर खड़ा टिपलर चुराकर ले गए थे। काफी तलाश के बाद भी टिपलर का पता ना लगने पर राजकुमार ने सोमवार को पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार को पुलिस ने बिजलीघर बाईपास के पास तीन संदिग्ध लोगों को ट्रैक्टर-टिपलर पर जाते देख रूकने का इशारा किया, जिस पर ट्रैक्टर सवार लोग भागने लगे। पुलिस ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया। थानाध्यक्ष के मुताबिक पकड़े गए लोगों ने अपना नाम विपिन पुत्र रामअवतार, शिवम पुत्र देवेन्द्र निवासीगण



ग्राम भौजावाला उर्फ मिर्जालीपुर चौहड़, थाना बढ़ापुर व मतलूब पुत्र खुशनूद निवासी ग्राम महेश्वरीजट थाना कोतवाली देहात बताया। उनके पास से एक ट्रैक्टर व चोरी का टिपलर और 25 हजार की नकदी मिली। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में पता लगा कि विपिन और शिवम सोनालिका ट्रैक्टर से हरेवली रामलीला देखने आये थे और कोल्हू पर खड़े टिपलर को अपने ट्रैक्टर में जोड़कर ले गए थे, जिसे इन्होंने जंगल में छिपा दिया था। कुछ दिन बाद उन्होंने मतलूब को 35 हजार रुपए में टिपलर बेच दिया। इसमें से दस हजार रूपए खर्च हो गए, जबकि 25 हजार रुपए अभियुक्तों के पास से मिले। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि तीनों अभियुक्तों को चालान कर न्यायालय भेज दिया गया है।

सड़क पर मॉर्निंग वॉक कर रहे युवक की दुर्घटना में मौत



मृतक का फाइल फोटो।

बिजनौर (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम देवीदासवाला निवासी करीब 25 वर्षीय युवक टोनी पुत्र सतेंद्र की चार पहिया वाहन की टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भिजवा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह टोनी अपने घर से सड़क पर टहलने के लिए निकला था। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टोनी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। मृतक टोनी अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। युवक की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई।

चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ़्तार



शेरकोट (चिंगारी)। दो दिन पूर्व ही बाइक चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को चोरी हुई बाइक सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सोमवार की रात ग्राम भनौटी निवासी मुहम्मद जैद की बाइक नगर के मुहल्ला कायस्थान स्थित पीजेएम इंटर कालेज के निकट स्थित उसकी मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान के बाहर से उस समय गायब हो गई थी जब ज़ैद नमाज पढ़ने मस्जिद गया था। मस्जिद से लौटने पर ज़ैद द्वारा गायब हुई बाइक को हर सम्भव स्थान पर तलाश करने पर भी उसका सुराग नहीं लग सका था। मंगलवार को बाइक स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी थी। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि जांच में जुटी पुलिस ने सामने आये तथ्यों के आधार पर नगर के मुहल्ला कायस्थान निवासी अनस पुत्र रफी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर बाइक बरामद कर ली। उन्होंने बताया कि पूछताछ में आरोपी से पता लगा कि मोबाइल शॉप के बाहर से बाइक उठाकर उसने बाइक को पैदल खींचकर रामसहायवाला की चुंगी के पास स्थित दुकान में छुपा दिया था, व उसके पार्ट्स खोलकर बेचने की योजना बना रहा था। थानाध्यक्ष रामप्रताप ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त का चालान कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सभी को शारदीय नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist

Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat

CLASSIC TAILORS

9927060150



CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

सभी को शारदीय नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं

M: 9897041426

NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF le Coper campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor


सभी को शारदीय नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom



DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY

Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक



8445517265
8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर